



दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -51 जबलपुर, रविवार 23 मार्च 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


## परिसीमन के खिलाफ दक्षिणी राज्यों ने भरी हुंकार, लोकसभा सीटों के लिए आर-पार की लड़ाई का ऐलान

चेन्नई, नई दिल्ली.(आरएनएस)। देशभर में लोकसभा व विधानसभा सीटों को लेकर हुए नए परिसीमन को लेकर दक्षिण राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने केंद्र के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. चेन्नई में शनिवार को तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन की अगुवाई में हुई ज्वाइंट एक्शन कमेटी (जेएसी) मीटिंग में नई सीमांकन प्रक्रिया के खिलाफ एकजुटता दिखी. जेएसी में दक्षिणी राज्यों और पंजाब के शीर्ष नेताओं ने भाग लिया और पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने की मांग करते हुए नए प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया.

**जेएसी का यह है स्टैंड**

ज्वाइंट एक्शन कमेटी में पारित प्रस्ताव में कहा गया कि लोकसभा सीटों के पुनर्निर्धारण की प्रक्रिया सभी राज्यों, राजनीतिक दलों और संबंधित हितधारकों की भागीदारी से होनी चाहिए. जेएसी ने चिंता जताई कि जनसंख्या नियंत्रण को प्रभावी ढंग से लागू करने वाले राज्यों की लोकसभा सीटों में कटौती उनके साथ अन्याय होगा. प्रस्ताव में कहा गया कि



1971 की जनगणना के आधार पर सीटों को फ्रीज करने का निर्णय उन राज्यों को प्रोत्साहित करने के लिए लिया गया था जिन्होंने जनसंख्या नियंत्रण के कदम उठाए लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर जनसंख्या स्थिरीकरण लक्ष्य अब तक हासिल नहीं हुआ इसलिए इस फ्रीज को अगले 25 वर्षों तक बढ़ाने की जरूरत है. जेएसी के प्रस्ताव में साफ कहा गया कि वे राज्य जिन्होंने प्रभावी रूप से जनसंख्या नियंत्रण लागू किया और जिनकी जनसंख्या हिस्सेदारी घटी है, उन्हें दंडित नहीं किया जाना चाहिए.

**पीएम मोदी को सौंपेंगे ज्ञापन, संसद में उठाएंगे मुद्दा**

मीटिंग में यह तय किया गया कि एक कोर कमेटी का गठन किया जाएगा जिसमें विभिन्न राज्यों के सांसद शामिल होंगे. यह समिति संसद में परिसीमन के खिलाफ रणनीति तैयार करेगी. जेएसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक संयुक्त ज्ञापन सौंपने की योजना बनाई है जिसमें संविधान संशोधन की भावना के अनुरूप सीटों को फ्रीज करने की मांग होगी. इसके अलावा, जेएसी में शामिल राजनीतिक दल अपनी-अपनी विधानसभाओं में प्रस्ताव पारित कर केंद्र को अपना रुख आधिकारिक रूप से सूचित करेंगे. जेएसी ने घोषणा की कि परिसीमन के संभावित प्रभावों के बारे में जनता को जागरूक करने के लिए एक बड़े पैमाने पर अभियान चलाया जाएगा. इसमें यह बताया जाएगा कि यह प्रक्रिया कैसे दक्षिणी और कुछ अन्य राज्यों के राजनीतिक और आर्थिक संतुलन को प्रभावित कर सकती है. जेएसी का कहना है कि इस मुद्दे पर जनता को जागरूक कर फेडरल स्ट्रक्चर और लोकतंत्र की रक्षा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर समर्थन जुटाया जाएगा.

**बैठक में कौन-कौन रहा मौजूद?**

बैठक में कई विपक्षी दलों के बड़े नेता शामिल हुए. चेन्नई में हुई इस अहम बैठक में केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार, बीआरएस नेता के.टी. रामाराव, वाईएसआरसीपी कांग्रेस, सीपीएम, सीपीआई, बीजेडी और आप के कई नेता भी बैठक में शामिल हुए.

बीजेपी बोली- सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की साजिश

## लखनऊ के मंदिर के बाहर मिला बछड़े का कटा सिर, भड़के लोग





लखनऊ (आरएनएस)। लखनऊ के मदेयगंज इलाके में एक वीभत्स घटना की खबर आई, जिससे तनाव फैल गया। शुक्रवार शाम को इलाके में एक मंदिर के बाहर गाय का सिर मिला। घटना से लोगों में आक्रोश फैल गया और पुलिस और भाजपा विधायक नीरज बोरा ने स्थिति को संभाला और नियंत्रण में लिया। पुलिस के अनुसार, कानूनी प्रोटोकॉल के साथ गाय के अवशेषों को इलाके से हटा दिया गया। विधायक बोरा ने कहा कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। खदरा के हनुमंत नगर शांति वाटिका के पास हुई घटना की सूचना पर लखनऊ उत्तर के भाजपा विधायक नीरज बोरा मौके पर पहुंचे। उन्होंने इस घटना को एक्स पर भी शेयर किया और हिंदी में लिखा, आज शाम लखनऊ के हनुमंत नगर शांति वाटिका के पास खदरा में असामाजिक तत्वों द्वारा गाय का सिर काटकर फेंके जाने की वीभत्स घटना की सूचना पर विधायक डॉ. नीरज बोरा तत्काल मौके पर पहुंचे। डॉ. बोरा ने कहा कि पुलिस इसकी गहनता से जांच कर रही है। इस प्रकार की घटना सौहार्द को नुकसान पहुंचाने की बड़ी साजिश है। दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

**पुलिस ने जांच शुरू की**

पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास के इलाकों से सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया जा रहा है। पुलिस ने मामले को सुलझाने के लिए विशेष टीमें भी बनाई हैं। पुलिस के बयान में कहा गया है, वैज्ञानिक और तकनीकी साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और अपराधियों की पहचान होने के बाद कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## एमपी- तेज आंधी-तूफान और ओलावृष्टि का कहर, मकान गिरे, फसलें तबाह



सीधी.(आरएनएस)। मध्य प्रदेश के सीधी जिले में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात कुसमी तहसील क्षेत्र में तेज आंधी-तूफान बारिश और ओलावृष्टि ने भारी तबाही मचाई, इस भीषण प्राकृतिक आपदा में कई लोगों के घर जमींदोज हो गए, वहीं किसानों की फसलें भी बर्बाद हो गईं, इस दौरान ग्राम कोडार के राजकुमार अगरिया पिता गुलाब अगरिया का मकान गिर गया, जिससे पूरा परिवार संकट में आ गया, इसी तरह, रामजी साहू पिता रामेश्वर साहू, ग्राम कुसमी में भी आंधी के कारण बड़ा पेड़ गिरने से भारी नुकसान हुआ.

घटना के दौरान प्रभावित परिवार घर के अंदर सो रहे थे,लेकिन गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, वहीं, अखंड पाठक (देवार्थ नौढिया) और रामजी साहू सहित कई अन्य लोगों के घरों को भी तेज हवा और भारी बारिश ने नुकसान पहुंचाया है. तेज हवाओं के साथ आई ओलावृष्टि ने फसलों को भी बुरी तरह तबाह कर दिया है, जिससे किसान मायूस हैं. क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि ऐसी तेज आंधी-तूफान और ओलावृष्टि बहुत कम देखने को मिलती है, जिससे अचानक हुए इस प्राकृतिक प्रकोप ने लोगों को भयभीत कर दिया, किसानों की चिंता इसलिए भी बढ़ गई है, क्योंकि पहले ही आर्थिक संकट से जूझ रहे किसान अब फसल बर्बाद होने के कारण और अधिक परेशान हो गए हैं.

प्रशासन की ओर से प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत देने के प्रयास किए जा रहे हैं, मौसम विभाग ने आगामी दिनों में भी बारिश और तेज हवाओं की संभावना जताई है, जिससे लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है. कुसमी क्षेत्र में तेज तूफान बारिश और ओलावृष्टि से हुए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है. प्रभावित किसानों और मकान मालिकों को उचित मुआवजा दिलाने के लिए पटवारी से रिपोर्ट मंगवाई गई है.

### सुप्रीम कोर्ट के जजों का पांच सदस्यीय डेलीगेट्स मणिपुर पहुंचा, राहत शिविरों का करेंगे दौरा

इंफाल (मणिपुर). न्यायमूर्ति बीआर गवई के नेतृत्व में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों का पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल शनिवार को मणिपुर के इंफाल पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल के एक सदस्य ने कहा, हम अभी-अभी आए हैं और इस यात्रा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हम यहां आकर बहुत खुश हैं। इस प्रतिनिधिमंडल में न्यायमूर्ति बीआर गवई, सूर्यकांत, विक्रम नाथ, एमएम सुंदरेश, केवी विश्वनाथन और एन कोटिश्वर शामिल हैं। यह सभी लोग अपनी यात्रा के दौरान राहत शिविरों का दौरा करेंगे.

## आईपीएल 2025 में आरसीबी का जीत के साथ आगाज, विराट और सॉल्ट ने खेली धुआंधार पारी, 7 विकेट से हारा केकेआर

कोलकाता(आरएनएस)।कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला गया। जहां केकेआर ने टॉस गंवाकर 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 174 रन बनाए। जिसके जवाब में आरसीबी ने महज 16.3 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 177 रन बनाकर बेहतरीन जीत अपने नाम की।




आईपीएल 2025 का पहला मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला गया। जहां केकेआर ने टॉस गंवाकर 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 174 रन बनाए। जिसके जवाब में आरसीबी ने महज 16.3 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 177 रन बनाकर बेहतरीन जीत अपने नाम की। इस दौरान विराट कोहली और फिल साल्ट ने बेहतरीन पारी खेली। इस जीत के साथ ही आरसीबी ने 2 अंक भी हासिल कर लिए हैं। आरसीबी की पारी की बता करें तो, फिल साल्ट ने अच्छी पारी खेली और वो 31 गेंदों पर 56 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने अपना अर्धशतक 25 गेंदों में पूरा किया था। तीसरे नंबर पर बैटिंग करने आए देवदत्त पडीक्कल ने 10 गेंदों पर 10 रन बनाए और आउट हो गए। कोहली ने इस मुकाबले में 30 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। कप्तान रजत पाटीदार ने इस मैच में 16 गेंदों पर 34 रन की तेज पारी खेली। कोहली ने इस मैच में नाबाद 59 रन की पारी खेली तो वहीं लियाम लिविंगस्टोन भी 5 गेंदों पर 15 रन बनाकर नाबाद रहे। केकेआर के लिए वैभव अरोड़ा, वरुण और सुनील नरेन ने एक-एक विकेट झटके।

तो केकेआर की तरफ से पारी के पहले ओवर में क्विंटन डीकॉक (4) रन बनाकर जल्दी ही आउट हो गए। उन्हें जोश हेजलवुड ने आउट किया। उसके बाद तीसरे नंबर पर कप्तान अजिंक्य रहाणे आए, और उन्होंने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 31 गेंदों पर 56 रन की तूफानी पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 6 चौके, 4 छक्के भी लगाए। वहीं सुनील नरेन ने इस दौरान 26 गेंद में 44 रन बनाकर कप्तान का बखूबी साथ दिया।

### रतलाम के महू-नीमच हाईवे पर कारों से भरे कंटेनर में लगी आग, ड्राइवर की सजगता से बची 6 कारें



रतलाम (आरएनएस)। महू-नीमच हाईवे पर सालाखेड़ा-सेजावता बायपास पर घटला ब्रिज के पास शनिवार शाम करीब सात बजे कारों से भरे कंटेनर के अगले हिस्से में आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। चालक ने सूझबूझ का परिचय देकर आग लगते ही पिछले हिस्से को अलग कर दिया था। इसके चलते पिछला हिस्सा व उसमें रखी छह कारें जलने से बच गई। जानकारी के अनुसार चालक रिजवान मेवाती निवासी फिरोजपुर झिड़का जिला नुहू (हरियाणा) कंटेनर में छह कार लेकर बैंगलुरू से हरियाणा के सोनीपत जिले के खरखोदा स्थित मारूति कंपनी के प्लांट पर जा रहा था। घटला ब्रिज के पास कंटेनर के अगले हिस्से में आग लग गई। इस पर वह नीचे उतरा और दूर चला गया। आसपास के लोग, सालाखेड़ी चौकी प्रभारी मुकेश यादव व अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और दोनों तरफ का यातायात रोका। इसी बीच फायर ब्रिगेड की दमकल मौके पर पहुंची तथा करीब 45 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। चालक रिजवान ने बताया कि चलते कंटेनर के अगले हिस्से में वायरिंग से धुआं निकलने और आग लग गई।

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु, प्रधानमंत्री मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री शाह को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया आमंत्रित

## सम्राट विक्रमादित्य के जीवन और शासन व्यवस्था से जन-जन को अवगत कराना है विक्रमोत्सव का उद्देश्य - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल(आरएनएस)।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भारतीय ज्ञान परम्परा से विरासत से विकास'' के ध्येय को देश में साकार कर रहे हैं। भगवान श्रीराम के बाद सम्राट विक्रमादित्य का शासन ही सुशासन की मिसाल स्थापित करता है। प्रदेश सहित देश के विभिन्न भागों में विक्रमोत्सव अंतर्गत हो रहे कार्यक्रम सम्राट विक्रमादित्य के जीवन के विभिन्न पहलुओं और उनकी शासन व्यवस्था से जन-जन को प्रेरित कराने का एक अभूतपूर्व प्रयास है। आगामी 12-13 और 14 अप्रैल 2025 को नई दिल्ली में सम्राट विक्रमादित्य पर केन्द्रित भव्य आयोजन होने जा रहा है। इसमें राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री श्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह को आमंत्रित किया गया है।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रमोत्सव के संबंध में नई दिल्ली में मीडिया के लिए जारी संदेश में ये विचार व्यक्त किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि न्यायप्रियता, ज्ञानशीलता, धैर्य, पराक्रम, पुरूषार्थ, वीरता और गंभीरता जैसी विशेषताओं के लिए सम्राट विक्रमादित्य का संपूर्ण भारत के साथ ही विश्व में आदर के साथ स्मरण किया जाता है। सम्राट विक्रमादित्य द्वारा विदेशी आक्रांताओं को पराजित कर 2082 वर्ष पहले विक्रम संवत का प्रवर्तन किया गया था। उन्होंने सुशासन के सभी सूत्रों को स्थापित करते हुए अपने सुयोग्य 32 मंत्रियों का चयन किया, इसीलिए उनके सिंहासन को सिंहासन बत्तीसी'' कहा जाता है। सम्राट विक्रमादित्य ने गणराज्य की स्थापना कर लोकतांत्रिक व्यवस्था का क्रियान्वयन आरंभ किया।

### बांग्लादेश को भारत ने दिया बड़ा झटका, पीएम मोदी-यूनुस की मुलाकात से किया इनकार

नई दिल्ली. (आरएनएस)।भारत और बांग्लादेश के संबंधों में पिछले साल से ही खटास पड़ी हुई है। इसकी शुरुआत तत्कालीन बांग्लादेशी पीएम शेख हसीना के पिछले साल 5 अगस्त को देश छोड़ने से हुई थी। देश छोड़ने के बाद से ही शेख हसीना भारत सरकार की शरण में रह रही हैं। हालांकि मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार शेख हसीना का प्रत्यर्पण चाहती है और कई बार भारत सरकार से इसकी मांग कर चुकी है, पर इसका कोई फायदा नहीं हुआ है.वहीं शेख हसीना के बांग्लादेश छोड़ने के बाद देश में



हिंदुओं के खिलाफ हिंसा के मामले बढ़ गए। भारत ने इसका विरोध किया और इसे गलत बताया, लेकिन बांग्लादेश की तरफ से इस पूरे मामले में कोई सख्त कदम नहीं उठाया गया। इस वजह से दोनों देशों में संबंध बिगड़ गए। हालांकि बांग्लादेश को इस वजह से नुकसान भी हो रहा है और अमेरिकी आर्थिक सहायता मिलने के बाद से तो बांग्लादेश की स्थिति और कमज़ोर हो गई है।

## कुरुक्षेत्र में महायज्ञ के दौरान बवाल, पत्थरबाजी और फायरिंग, 23 घायल, एक गंभीर

कुरुक्षेत्र.(आरएनएस)। हरियाणा के कुरुक्षेत्र के केशव पार्क में चल रहे 1000 कुंडीय महायज्ञ में शनिवार को खाने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि माहौल तनावपूर्ण हो गया. आरोप है कि ब्राह्मणों को बासी खाना परोसने को लेकर कहासुनी हो गई, जिसके बाद



स्थिति बिगड़ गई. विवाद के दौरान एक सुरक्षाकर्मी ने गोली चला दी, जो आशीष तिवारी नामक ब्राह्मण को लगी. उन्हें गंभीर हालत में लोकनायक जयप्रकाश नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है. घटना में करीब 23 लोग घायल बताए जा रहे हैं. इस घटना से नाराज ब्राह्मणों ने महायज्ञ स्थल के बाहर कुरुक्षेत्र-कैथल रोड जाम कर दिया. प्रदर्शनकारियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पुलिस ने सख्ती दिखाई और जाम खुलवाने का प्रयास किया. फिलहाल मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और स्थिति को नियंत्रण में रखने की कोशिश की जा रही है. हालांकि, अंतिम समाचार मिलने तक माहौल अभी भी तनावपूर्ण बना हुआ है. पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है. 18 मार्च से शुरू हुआ

## सरकार का बड़ा एक्शन, 3.4 करोड़ से अधिक मोबाइल कनेक्शन काटे

**17 लाख वॉट्सऐप अकाउंट किए ब्लॉक**

नई दिल्ली. (आरएनएस)। केंद्र सरकार ने बताया कि टेलीकॉम फ्रॉड से निपटने के लिए संचार साथ पोर्टल के जरिए अब तक 3.4 करोड़ से ज्यादा मोबाइल फोन को डिस्कनेक्ट किया गया है और 3.19 लाख आईएमईआई नंबर को ब्लॉक किया गया है. दूरसंचार विभाग ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और बिग डेटा की मदद से 16.97 लाख वॉट्सऐप अकाउंट भी ब्लॉक कर दिए गए हैं.

राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में संचार और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ. पेम्मासानी



चंद्रशेखर ने कहा कि दूरसंचार विभाग की संचार साथी पहल के तहत 20,000 से ज्यादा बल्क एसएमएस भेजने वालों को भी ब्लैकलिस्ट किया गया है. सरकार के संचार साथी पोर्टल पर नागरिकों को चक्षु की मदद से संदिग्ध धोखाधड़ी से जुड़े कम्युनिकेशन को रिपोर्ट करने की सुविधा मिलती है.

डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी ने कहा कि संदिग्ध धोखाधड़ी से जुड़ी शिकायतें मिलने के बाद दूरसंचार विभाग इनकी जांच करता है. इसके बाद जांच में गलत पाए गए नंबर को ब्लॉक किया जाता है. व्यक्तिगत रूप से रिपोर्ट किए गए संदिग्ध धोखाधड़ी कम्युनिकेशन पर कार्रवाई करने के बजाय दूरसंचार विभाग अपनी जांच के लिए क्राउड-सोर्स डेटा का इस्तेमाल करता है, ताकि टेलीकॉम रिसोर्सेस का गलत इस्तेमाल होने से रोका जा सके.

दूरसंचार विभाग एआई बेस्ड टूल्स और बिग डेटा एनालिसिस के साथ नकली दस्तावेजों पर लिए गए संदिग्ध मोबाइल कनेक्शनों की पहचान करता है. इसके अलावा, दूरसंचार विभाग और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) ने ऐसी अंतरराष्ट्रीय स्पूफ कॉलों की पहचान करने के लिए एक नया सिस्टम तैयार किया है, जो असल में विदेशों से होती हैं और भारत से आने वाली कॉल लगती हैं. इस सिस्टम के साथ इस तरह की कॉल की पहचान रियल टाइम में की जा सकती है और नंबर को ब्लॉक किया जा सकता है. इस बीच, दूरसंचार सेवा प्रदाताओं ने 1,150 संस्थाओं/व्यक्तियों को ब्लैकलिस्ट कर दिया है और 18.8 लाख से ज्यादा रिसोर्सेस को डिस्कनेक्ट कर दिया है. इन कार्रवाइयों के साथ अनरजिस्टर्ड टेलीमार्केटर्स (यूटीएम) के खिलाफ शिकायतों में कमी आई है, जो कि अगस्त 2024 में 1,89,419 थीं और जनवरी 2025 में घटकर 1,34,821 रह गईं.




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। विजयनगर में मेडीकल कॉलेज में भर्ती आहूत अरविन्द राजपूत की मृत्यु की सूचना प्राप्त होने पर बिल्लू कोरी से पूछताछ कर कथन लेख किये जिसमे बिल्लू कोरी ने बताया कि वह अरविन्द राजपूत के साथ मनोज लोधी के द्वारा बुलाने पर मनोज लोधी का मकान शिवानी प्लाईवुड एसबीआई चौक के पास विजयनगर स्थित मकान पर काम करने गया था काम करने के दौरान करीब 11/30 बजे अरविन्द राजपुत को मकान के बिल्कुल पास से निकल रही हाई टेंशन लाईन से अरविन्द को करेन्ट लग गया

# एक भारत - श्रेष्ठ भारत की कल्पना को लेकर हम आगे बढ़ रहे

## बिहार दिवस पर भाजपा का स्नेह मिलन कार्यक्रम सम्पन्न






जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एक भारत श्रेष्ठ भारत की कल्पना को साकार करते हुए बिहार दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर द्वारा स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि रिटायर्ड सूबेदार श्री राम सिंहासन राय, नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री अखिलेश जैन, विधायक श्री अशोक रोहाणी, श्री अभिलाष पांडे, नगर निगम अध्यक्ष श्री रिंकू विज, महामंत्री श्री पंकज दुबे, श्री रजनीश यादव, पूर्व पार्षद श्रीमती विदामो सिंह, उप्र बिहार महासंघ के संयोजक डॉ राजेश जायसवाल की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम एवं बिहार गान के गायन साथ हुआ। इसके पश्चात बिहार से जबलपुर को अपनी कर्मभूमि बनाने वाले जनों का सम्मान किया गया। भाजपा नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में सबका साथ और सबका विकास के भाव को लेकर कार्य कर रही है और इसी उद्देश्य को लेकर संगठन ने तय किया कि बिहार दिवस के अवसर पर जिनकी जन्मभूमि तो बिहार रही पर कर्मभूमि उन्होंने जबलपुर को बनाया ऐसे हमारे वरिष्ठजनों, साथियों और मातृशक्ति के साथ स्नेह मिलन का कार्यक्रम किया जाए और सम्मान किया जायेगा। श्री सोनकर ने कहा बिहार हमारे देश का ऐसा प्रदेश है जिसकी संस्कृति और संस्कार हमे एक दूसरे से जोड़ते है चाहे सनातनी परंपरा को मानने वाले सिख संप्रदाय हो, जैन पंत हो या अलग अलग जातियों के लोग हो सभी का बिहार से नाता रहा है। बिहार का एक गौरवशाली इतिहास रहा है, नालंदा विश्वविद्यालय, वैशाली नगर, पाटलीपुत्र नगर, सीतामढ़ी जैसा पुरातन इतिहास हमारे बिहार का रहा है। पूर्व में बिहार एक समृद्ध और वैभवशाली प्रदेश रहा है किंतु बिहार के लंबे समय तक सत्ता में राजनैतिक पार्टियों ने वहां जातिवाद को बढ़ावा दिया पर विकास पर ध्यान नहीं दिया इसका परिणाम हुआ कि तेजी से पलायन होने लगा किंतु भाजपा की सरकार केंद्र और प्रदेश में बनने के बाद से बिहार तेजी से विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है और आने वाले समय में हम एक विकसित बिहार देखेंगे। कार्यक्रम को विधायक श्री अशोक रोहाणी, श्री अभिलाष पांडे, उप्र बिहार महासंघ के संयोजक डॉ राजेश जायसवाल ने संबोधित करते हुए कहा बिहार के गौरवशाली इतिहास, परंपरा, संस्कृति पर संवाद किया। सम्मान - स्नेह मिलन के कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा अनिल कुमार ओझा, आनंद मिश्रा, सुदामा सिंह, अनंत मिश्रा, राजकुमार सिन्हा, एम एस सिंह, अमरेंद्र नारायण श्रीवास्तव, ब्रजकिशोर बिहारी, श्रीमती अन्नू सिंह, प्रिया उज्ज्वल, पुष्पा तिवारी, शैलेश सिंह, उमेश चंद्र दिवेदी, राजेंद्र प्रसाद का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री रजनीश यादव एवं आभार महामंत्री पंकज दुबे ने व्यक्त किया।

इस अवसर पर अभय सिंह ठाकुर, जय सचदेवा, रंजीत पटेल, अरविंद कहार, विश्मभर सिंह, नागेंद्र सिंह, रूपा राव, शिवा चौधरी, श्रीकांत साहू, रवि शर्मा के साथ पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### एयरटेल के सबसे किफायती अंतर्राष्ट्रीय रोमिंग पैक के साथ दुनिया भर में उठाएं निर्बाध कनेक्टिविटी का मजा

नई दिल्ली,-एयरटेल के अंतर्राष्ट्रीय रोमिंग पैक के साथ इस पर्यटन सीजन के दौरान, ग्राहक 180 से अधिक देशों में निर्बाध कनेक्टिविटी का आनंद उठा सकते हैं। ये प्लान ग्राहकों को कनेक्टिविटी संबंधी सभी चिंताओं से मुक्त दुनिया भर में यात्रा करने की आजादी देता है। मात्र 133 रुपये प्रतिदिन से शुरू होने वाले प्लान के साथ, एयरटेल 180 से अधिक देशों में निर्बाध वॉयस और हाई-स्पीड डेटा कनेक्टिविटी प्रदान करते हुए यात्रियों को किफायती सुविधा प्रदान कर रहा है।

एयरटेल के बेहतर डेटा लाभ, इन-फ्लाइट कनेक्टिविटी और चौबीसों घंटे ग्राहक सहायता सुविधाएं, उपयोगकर्ता अनुभव को और भी बेहतर बना देते हैं। सरलता और सुविधा के महत्व को समझते हुए, एयरटेल ने ग्राहकों को अलग-अलग गंतव्यों वाले देशों के लिए कई पैक लेने की आवश्यकता से आजादी दिलाते हुए प्रक्रिया को सुव्यवस्थित कर दिया है। इसके बजाय, यात्री अब अपनी यात्रा की अवधि के आधार पर एक एकल, सर्व-समावेशी पैकेज का चयन कर सकते हैं, जो उन्हें बेजोड़ किफ़ायती दरों पर दुनिया भर में निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। ग्राहक एयरटेल थैंक्स ऐप पर लॉग इन करके, वेबसाइट ह- पर लॉग इन करके, किसी स्थानीय स्टोर पर जाकर या हवाई अड्डे पर स्थित एयरटेल कियोस्क से प्लान को चालू कर सकते हैं।

# तीर्थंकर दिवस पर शोभायात्रा आज



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। प्रथम तीर्थंकर 1008 भगवान श्री आदिनाथ जी के जन्म-तप कल्याणक तीर्थंकर दिवस पर आज प्रातः 8 बजे दरहाई स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जैन (चौधरी)मंदिर से विशाल शोभायात्रा निकाली जावेगी 7 उपरोक्त जानकारी श्री आदिनाथ जन्म-तप कल्याणक महोत्सव समिति के संयोजक एडवोकेट विजय चौधरी एवं लायन नरेन्द्र जैन ने दी7

संत शिरोमणि दिगम्बराचार्य श्री विद्यासागर सागर जी महाराज की प्रेरणा, आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के आशीर्वाद एवं वात्सल रत्नाकर,निर्यापक मुनि श्री प्रसाद सागर जी,मुनि श्री पदमसागर जी,मुनि श्री शीतलसागर जी एवं आर्यिका रत्न मृदुमति माता जी ससंघ सानिध्य में विशाल शोभायात्रा आयोजित की हैं। शोभायात्रा में श्री आदिनाथ दिगंबर जैन (चौधरी)मंदिर , श्री शासनोदय तीर्थ हनुमानताल का मनोहरी रजत रथ एवं श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर बरिया वाला, श्री नन्हें जैन मंदिर हनुमानताल, श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन स्वर्ण मंदिर लार्डगंज एवं श्री आदिनाथ दिगंबर जैन (डेवढ़िया) मंदिर मिलौनीगंज की रजत पालकी सम्पूर्ण शोभायात्रा मार्ग पर धर्म प्रभावना करेगी 7 आयोजक डॉ. ऋषभ चौधरी एवं शोभायात्रा संयोजक राकेश दाउ ने बताया कि शोभायात्रा दरहाई से प्रारंभ होकर साठिया कुआं, फूटाताल चौक, पुरानी बजाजी, सराफा चौक, कमानिया गेट, फलमंडी, अंधेरदेव, तुलाराम चौक, नार्मल स्कूल रोड, लार्डगंज थाना, घमंडी चौक,पुरानी चरहाई,खोवामंडी, कमानिया गेट, कोतवाली, दरहाई होते हुए श्री चौधरी मंदिर में भगवान श्री आदिनाथ जी के अभिषेक पूजन के साथ संपन्न होगी श्री दिगम्बर जैन पंचायत सभा अध्यक्ष कैलाश चंद्र जैन एवं महामंत्री अनिल जैन ने बताया कि इस वर्ष शासनोदय तीर्थ से भी शोभायात्रा प्रारंभ होगी जो घोड़ा नक्कास, मिलौनीगंज, कोतवाली होते हुए सराफा चौक पर मुख्य शोभायात्रा में शामिल होगी शोभायात्रा में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने का निवेदन श्री आदिनाथ दिगंबर जैन (चौधरी) मंदिर, दरहाई, बरियाबाला मंदिर,नन्हें मंदिर, श्री आदिनाथ दिगंबर जैन( डेवढ़िया जी) मंदिर,श्री शासनोदय तीर्थ हनुमानताल ,जैन नवयुवक सभा, जैन पंचायत सभा के सत्येंद्र जैन जुग्गु,अशोक जैन फुग्गा,रवि जैन, राजेंद्र जैन मम्मा, राकेश चौधरी,अनुराग गढ़वाल, विशाल चौधरी, संजय चौधरी, संजय सेठ, पराग जैन,विकास,वैभव चौधरी, मुकेश डेवढ़िया आदि पदाधिकारियों द्वारा की गई हैं।

**कांग्रेस का संगठन संघर्ष वर्ष 2025**

### 23 मार्च 2025 -शहीद भगत सिंह जी को श्रद्धांजलि एवं जॉर्ज डिसल्वा वार्ड भ्रमण अभियान

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष माननीय जीतू पटवारी जी के मार्गदर्शन में संगठन संघर्ष वर्ष 2025 के तहत जबलपुर नगर कांग्रेस द्वारा 23 मार्च 2025 को एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10:00 बजे शहीद-ए-आजम भगत सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ होगा। यह आयोजन स्वतंत्रता संग्राम में उनके महान बलिदान और विचारधारा को स्मरण करने हेतु समर्पित रहेगा। कांग्रेसजन इस अवसर पर उनके सिद्धांतों को आत्मसात करने का संकल्प लेंगे। इसके पश्चात, नगर कांग्रेस का वार्ड भ्रमण अभियान जॉर्ज डिसल्वा वार्ड में संपन्न होगा। इस अभियान का उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना, आम जनता से संवाद स्थापित करना एवं उनकी समस्याओं का संज्ञान लेकर जनसेवा को सुदृढ़ करना है।

नगर कांग्रेस कमेटी, जबलपुर सभी कांग्रेसजन एवं पदाधिकारियों से इस महत्वपूर्ण आयोजन में सहभागिता की अपील करती है।

# चेटीचंड महोत्सव होंगे पर दस दिवसीय कार्यक्रम निकलेगी भव्य साइकिल रैली, विशाल प्रभात यात्रा



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भगवान भगवान श्री झूलेलाल जी के अवतरण दिवस चेटीचंड महोत्सव के पावन अवसर पर 10 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं परम श्रद्धाये स्वामी रामदास जी महाराज ( महंत श्री विष्णु धाम), स्वामी अशोकानंद जी महाराज (महंत भक्ति धाम), स्वामी प्रदीप महाराज( युगल धाम) जी के पावन सानिध्य मे

अशोक ईश्वरदास रोहाणी(विधायक) जी की उपस्थिति मे आयोजित किये गए हैं जिसमें दिनांक 25 मार्च 2025 सुबह 7:00 बजे एक विशाल साइकिल रैली का आयोजन किया गया है जो श्री झूलेलाल मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए सिंधु भवन घंटाघर में समाप्त होगी! 26 मार्च 2025 दिन बुधवार ब्रह्माकुमारी साध्वी बहन मीना द्वारा आध्यात्मिक सत्संग का कार्यक्रम शाम 5 से 7 श्री झूलेलाल मंदिर में रखा गया है दिनांक 28 मार्च 2025 शुक्रवार सिंधियत आनंद मेला का आयोजन सिंधु जागृति महिला सेवा समिति द्वारा सिंधु भवन घंटाघर में शाम 4 से 10 बजे तक आयोजित किया गया है 29 मार्च 2025 शनिवार श्री झूलेलाल प्रभात शोभायात्रा का आयोजन किया गया है जो सुबह 7:00 बजे श्री झूलेलाल मंदिर से प्रारंभ होकर नगर का भ्रमण करते हुए सिंधु भवन में समापन होगा तत्पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया है 30 मार्च रविवार चेटीचंड के दिन सुबह 8:00 बजे पूज्यना साहब जी की ज्योति प्रजवलित की जाएगी तथा शाम -7 बजे से विशाल शोभा यात्रा सिंधु भवन घंटाघर से प्रारंभ होकर बड़ी ओमती भरतीपुर मुकदमगंज तुलाराम चौक करमचंद चौक से कॉफी हाउस रोड होते हुए श्री झूलेलाल मंदिर में समाप्त होगी! जिसमें अनेक झांकियां बैंड दल शामिल होंगे!

1 अप्रैल 2025 मंगलवार शान ए सिंधियत नाट्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन शाम 7:00 बजे मानस भवन मैं आयोजित किया गया है 2 अप्रैल 2025 बुधवार रंग भरो प्रतियोगिता शाम 5:00 से 7:00 तक श्री झूलेलाल मंदिर भरतीपुर जबलपुर, 4 अप्रैल 2025 छठी महोत्सव प्रात 9:00 बजे से 10:30 बजे तक श्री झूलेलाल मंदिर में 5 अप्रैल 2025 शनिवार अष्टमी का हवन पूजन रात्रि 8:00 बजे झूलेलाल मंदिर में रखा गया है समिति की ओर से उद्धव दास परवानी, दिलीप तलरेजा माधव दास कुंदवानी, रामचंद्र आहूजा, रमेश आहूजा, लख्मीचंद खेमानी , त्रिलोक चंद वासवानी, राजकुमार कंधारी, तुकाराम चंदवानी, गोविंद हिरानी धर्मेंद्र मंगलानी, अनिल रोहरा, कैलाश वासवानी आदि ने उपस्थिति की अपील की हैं!

### एम.पी. ट्रांसको में एकस्ट्रा हाईटेंशन लाइनों का हॉटलाइन मेंटेनेन्स करने वाले कर्मियों का भत्ता हुआ दोगुना



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देश पर एक बार पुनः मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कम्पनी (एम.पी. ट्रांसको) में एकस्ट्रा हाईटेंशन लाइनों एवं सबस्टेशनों का हॉटलाइन पद्धति से बिना शटडाउन लिये मेंटेनेन्स जॉब/ऑपरेशन करने वाले कर्मियों के भत्ते में दोगुनी बढ़ोतरी की गई है, साथ ही प्रति ऑपरेशन के लिये दिये जाने वाले भत्ते में भी दोगुनी वृद्धि कर दी गई है। 40 रुपये के स्थान पर मिलेगा अब 80 रुपए प्रति आपरेशन पहले जहॉ यह 6 रुपये से 40 रुपये के मध्य मिलता था, अब यह 12 रुपये से 80 रुपये तक प्रति जॉब/ऑपरेशन के हिसाब से मिलेगा। उल्लेखनीय है कि हॉटलाइन पद्धति के माध्यम से बिना शटडाउन लिये एकस्ट्रा हाईटेंशन लाइनों का मेंटेनेन्स जॉब करने के लिये कार्मिक की सहमति आवश्यक होती है, एम.पी. ट्रांसको द्वारा उन कार्मिकों को बैंगलुरु के केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण से प्रशिक्षण दिलवाने के बाद ही वह जॉब/ आपरेशन के लिये पात्र होता है। जॉब /हाटलाइन आपरेशन अत्यंत जोखिम भरा होने के कारण कार्मिकों को यह भत्ता दिया जाता है।

आदेश हुए जारी ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर की पहल पर एम.पी ट्रांसको के कार्मिकों को हाट लाइन मेंटेनेंस भत्ते में 2013 के बाद बढ़ोतरी की गई। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने इस संबंध में कल आदेश जारी भी कर दिये हैं। संविदा कार्मिको को भी मिलता है हाट लाइन भत्ता इसके पहले ऊर्जा मंत्री के निर्देश पर ही एम.पी. ट्रांसको में कार्यरत संविदा कार्मिकों को भी हॉटलाइन मेंटेनेन्स प्रशिक्षण देकर उन्हें भी हॉटलाइन भत्ता दिया जाता है पहले यह सिर्फ नियमित कार्मिकों के लिए लागू था।

**रेड कार्पेट गाला नाइट के साथ संपन्न हुआ 20वां महिंद्रा एक्सीलेंस इन थिएटर अवाड्र्स**

## जबलपुर के अक्षय सिंह ठाकुर को नाटक स्वांग-जस की तस के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक महिंद्रा एक्सीलेंस इन थिएटर अवाड्र्स से सम्मानित



नई दिल्ली- भारत के सबसे प्रतिष्ठित और समावेशी वार्षिक रंगमंच फेस्टिवल 20वें महिंद्रा एक्सीलेंस इन थिएटर अवॉड्र्स (स्श्वञ्ज) का समापन नई दिल्ली के कमानी ऑडिटोरियम में एक भव्य रेड-कार्पेट अवॉर्ड नाइट के साथ हुआ। महिंद्रा ग्रुप द्वारा स्थापित और टीमवर्क आर्ट्स द्वारा निर्मित इस फेस्टिवल ने भारतीय रंगमंच की उत्कृष्टता का जश्न मनाया, जिसमें राष्ट्रीय रंगमंच समुदाय और विविध दर्शकों ने भाग लिया, जो एक शानदार समापन का गवाह बना। जबलपुर के अक्षय सिंह ठाकुर को नाटक स्वांग-जस की तस के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक महिंद्रा एक्सीलेंस इन थिएटर अवाड्र्स से सम्मानित किया गया । सप्ताह भर चले यह फेस्टिवल कमानी ऑडिटोरियम और श्रीराम सेंटर में आयोजित किया गया, जिसमें पूरे देश से चयनित शीर्ष 10 नामांकित नाटकों का मंचन किया गया। इस फेस्टिवल ने विभिन्न भाषाओं, संस्कृतियों और रचनात्मक अभिव्यक्तियों का एक जीवंत और विविध प्रदर्शन प्रस्तुत किया। फेस्टिवल का समापन प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह के साथ हुआ, जहां निहसंगो ईश्वर इस रात का सबसे बड़ा विजेता बना, जिसने कई श्रेणियों में पुरस्कार अपने नाम किए। अपनी 20वीं ऐतिहासिक संस्करण को चिह्नित करते हुए, मेटा 2025 ने एक बार फिर अपनी प्रतिष्ठा को मजबूत किया, जो मंच और मंच के पीछे की प्रतिभाओं को पहचानने और सम्मानित करने वाला एक प्रमुख मंच बना हुआ है। यह फेस्टिवल 13 पुरस्कार श्रेणियों में उत्कृष्टता को मान्यता देता है। इस वर्ष, मेटा को पूरे भारत से 367 से अधिक प्रविष्टियाँ प्राप्त हुईं, जिनमें बंगाली, अंग्रेज़ी, हिंदी, बुंदेली, मलयालम और कन्नड़ सहित विभिन्न भाषाओं के नाटकों का व्यापक प्रतिनिधित्व था। मेटा 2025 के लिए जूरी पैनल में कला जगत के दिग्गजों का एक विशिष्ट समूह शामिल था, जिनके पास विविध विशेषज्ञता और कलात्मक दृष्टिकोण का समृद्ध अनुभव था। पैनल में सुप्रसिद्ध निर्माता, निर्देशक और अभिनेत्री लिलेट दुबे शामिल थी , जिन्हें भारतीय रंगमंच और सिनेमा में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सराहा जाता है; दादी पदमजी, प्रतिष्ठित कठपुतली कलाकार और इशारा कठपुतली थियेटर की निदेशक, जिनकी नवीन प्रस्तुतियों ने कठपुतली कला को एक नया आयाम दिया है; सुधीर मिश्रा, प्रशंसित फिल्म निर्माता जो अपनी विचारोत्तेजक और सामाजिक रूप से प्रासंगिक फिल्मों के लिए प्रसिद्ध हैं; ब्रूस गथरी, नेशनल सेंटर फॉर द परफॉर्मिंग आर्ट्स (एनसीपीए), मुंबई में थिएटर और फिल्म के प्रमुख, जिन्हें समीक्षकों द्वारा प्रशंसित मंच प्रस्तुतियों के निर्देशन में महारत हासिल है; और सुनीत टंडन, अनुभवी मीडिया और थिएटर व्यक्तित्व, जिन्होंने निर्देशक, अभिनेता और प्रसारक के रूप में अपने व्यापक अनुभव से प्रदर्शन कला की गहरी समझ प्रदान की।

# शुद्धता ,पवित्रता, श्रेष्ठ संस्कार की संस्कारवान पीढ़ी को जन्म देते हैं



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। गर्भ के दौरान प्रत्येक महिला को वैदिक विधि विधान से स्वस्थ, सुसंस्कारी , दीर्घ जीवी पुत्र की कामना के साथ तीन माह के अंदर गर्भ संस्कार करने का विधान हमारे वेदों में बताया गया है । जिसे प्रत्येक भारतीय महिलाओं को करने से अनेक प्रकार के वैज्ञानिक आध्यात्मिक एवं वैदिक लाभ प्राप्त होते हैं।

गर्भ संस्कार, हिंदू धर्म में एक महत्वपूर्ण संस्कार है जो गर्भावस्था के दौरान मां और उनके अजन्मे शिशु के लिए अच्छे संस्कार और शिक्षा का माध्यम होता है। इसका मतलब है कि गर्भावस्था में मां को खुद को भावनात्मक, मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक तौर पर अच्छी स्थिति में रखना चाहिए, ताकि गर्भ में पल रहे शिशु पर अच्छा प्रभाव पड़े। कहते हैं कि गर्भधारण के पहले मां-बाप को शुद्धता और पवित्रता का ध्यान रखना चाहिए यदि मां-बाप गलत आदतों के शिकार है वह इस दौरान मदिरा शराब का सेवन ,सिगरेट का सेवन ,या अन्य प्रकार की नशे या गलत कार्य किए आदि हैं तो निश्चित रूप से उनके आने वाले बच्चों के सुक्ष्ममन ओर शरीर पर इसका असर बहुत ज्यादा होता है और वह आगे चलकर कभी नशे का शिकार हो सकता हैं। सिगरेट पीने वाले मां-बाप के बच्चों के फेफड़े 80 परसेंट तक खराब होने की संभावनाएं होती है। मां बाप जब लड़ते हैं तब बच्चा पेट के अंदर घबरा जाता है और वह मानसिक रूप से परेशान रहता है जिसका असर उसके आने के बाद भी उसके ऊपर पड़ता है। गर्भ में शिशु का मस्तिष्क 60 प्रतिशत तक विकसित हो जाता है और वो अजन्मा शिशु आवाज, रोशनी, संगीत, विचार, भावनाओं और बाहरी हलचल को महसूस करने में सक्षम होने लगता है। इसलिए, ऐसे समय में महिलाओं को सकारात्मक और तनावमुक्त रहने की सलाह दी जाती है। गर्भ संस्कार में गर्भ संवाद नामक एक प्रक्रिया भी शामिल होती है, जिसमें माँ अक्सर अपने पेट को सहलाती हुई बच्चे के साथ संवाद करने की कोशिश करती है। 26 सप्ताह के बाद, बच्चे गर्भ के बाहर से आने वाली आवाज़ों को समझ सकते हैं। इस अवधि के दौरान बच्चे से बात करने से संबंध बनाने में मदद मिलती है। प्रसव के बाद बच्चा उन आवाज़ों को पहचानता है, जिससे उसे शांत होने में मदद मिलती है।

केवल इतना ही नहीं, गर्भ में पल रहा बच्चा गर्भ में ही बहुत कुछ सीखने में सक्षम हो जाता है। इसका उदाहरण कई पौराणिक कथाओं में मिलता है। जैसे कि, अभिमन्यु माँ की कोख में ही चक्रव्यूह तोड़ना सीख गया था। प्रह्लाद भी भगवान विष्णु के भक्त इसलिए थे क्योंकि जब वो अपनी माँ की कोख में थे, तो उनकी माँ भगवान विष्णु की रोज पूजा करती थीं और नारद मुनि के कोख में ही भक्त प्रह्लाद को गीता सुनाई थी। इन किस्सों से पता चलता है कि कोख में पल रहे बच्चे पर माँ के सुनने, समझने और बोलने का बहुत प्रभाव पड़ता है और उनमें से कई बातों को वो गर्भ में ही सीख जाता है। कई बार यह देखा गया की मां किसी एक चेहरे को कैलेंडर में निहारती रहती है और बच्चा काला पैदा हो जाता है क्योंकि उसे कैलेंडर में बच्चे का कलर काला था जिस कारण से बार-बार निहारने से उसे बच्चों की छवि पर भी वैज्ञानिक असर पड़ा और उसका रंग काला पैदा हुआ।गर्भ संस्कार हिंदू धर्म में गर्भावस्था के दौरान मां और उसके अजन्मे शिशु के लिए अच्छे संस्कार और शिक्षा का माध्यम है।

गर्भ संस्कार के दौरान हनुमान चालीसा, गायत्री मंत्र और भगवद गीता के श्लोकों का पाठ करने से बच्चों को वैदिक ज्ञान के साथ-साथ निर्धारित आती है और हनुमान चालीसा गायत्री



चालीसा के पाठ से भूत प्रेत का डर भी शाया उनके ऊपर नहीं पड़ता।

इस दौरान ज्यादा गरिष्ठ भोजन , वासा खाना एवं तीखा भोजन भी बच्चों के शरीर एवं मानसिक विकास पर भी असर डालता है। गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को हल्की-फुल्की व्यायाम भी करते रहना चाहिए। शिशुका इस धरती पर आना सिर्फ एक सहयोग नहीं बल्कि एक आध्यात्मिक प्रक्रिया भी है। धरती पर जब एक बालक आता है तब अधिक खुशियां उसके साथ आती है और आगे चलकर अपने परिवार का भरण पोषण के साथ-साथ एक सशक्त व्यक्तित्व का गरीबी बढ़ता है और समाज में अपना नाम परिवार करना होगा इसका नाम भी करता है इसलिए शिशु की देखभाल उसका लालन पोषण बहुत ही ध्यान पूर्वक गर्भावस्था से ही करना चाहिए जिससे विवेक अच्छा संस्कारी शिशु बने और एक राष्ट्र का सेवक बन सके है अनेकों को शुभ रास्ता दीखा सकें है ।



भोपाल -पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि त्योहार का सामाजिक एकजुटता में महत्वपूर्ण योगदान हैं। पर्व, त्यौहार के आयोजन से हमारी संस्कृति समृद्ध हो रही है। ये सामाजिक एकता को भी मजबूत कर रहे हैं। राज्यमंत्री श्रीमती गौर शनिवार को भानपुर भोपाल में पटेल मार्केट व्यापारी संघ द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह को संबोधित कर रही थी। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि सनातनी परंपरा अनुसार त्यौहार समाज को एकजुट रखने का काम कर रहे हैं। त्यौहारों का उल्लास, उत्साह हमारे मन और जीवन को आनंद से भर देता है।



# मध्यप्रदेश सौर ऊर्जा उत्पादन में अग्रणी बनने की ओर अग्रसर-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## नवकरणीय ऊर्जा में 5.72 लाख करोड़ से अधिक का निवेश-सृजित होंगे 1.4 लाख से अधिक रोजगार के अवसर

भोपाल- (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता 32 गुना बढ़ी है, जिससे भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश बन गया है। उन्होंने वर्ष 2030 तक कुल नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन 500 गीगावाट तक करने का लक्ष्य तय किया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के विजन को साकार करने मध्यप्रदेश सौर ऊर्जा के क्षेत्र में नया इतिहास रच रहा है।प्रदेश की नवकरणीय ऊर्जा क्षमता पिछले एक दशक में 14 गुना से अधिक बढ़ी है। राज्य सरकार की ठोस नीतियां, निवेश अनुकूल माहौल और तकनीकी नवाचार इसे 'सूर्य देव का वरद प्रदेश' बना रहे हैं। जीआईएस-भोपाल में मध्यप्रदेश की टेक्नोलॉजी एग्नोस्टिक रिन्यूएबल एनर्जी पॉलिसी के कारण नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में भारी निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जीआईएस-भोपाल के उद्घाटन अवसर पर कहा कि विगत दशक में भारत के ऊर्जा क्षेत्र में जबरदस्त प्रगति हुई है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बताया कि पिछले 10 वर्षों में अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में 70 बिलियन डॉलर (5 ट्रिलियन रुपये से अधिक) का निवेश हुआ है। इससे स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में 10 लाख से अधिक रोजगार सृजित हुए। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इस विकास में मध्यप्रदेश की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया और बताया कि मध्यप्रदेश वर्तमान में लगभग 31,000 मेगावाट की विद्युत उत्पादन क्षमता रखता है, जिसमें से 30% हरित ऊर्जा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि सौर ऊर्जा भविष्य की अर्थव्यवस्था का केंद्र बनेगी। मध्यप्रदेश ने अक्षय ऊर्जा के लक्ष्य को प्राप्त करने में उल्लेखनीय प्रगति की है। वर्तमान में राज्य की कुल अक्षय ऊर्जा क्षमता राज्य की कुल ऊर्जा क्षमता का लगभग 21% है।



मध्यप्रदेश सरकार नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में 5,21,279 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित कर रही है, जिससे 1,46,592 नौकरियाँ सृजित होंगी। जीआईएस-भोपाल में नवकरणीय ऊर्जा सेक्टर में अवाडा एनर्जी, एमकेसी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, एक्सिस एनर्जी वेंचर, एनएसएल रिन्यूएबल पॉवर प्राइवेट लिमिटेड, टोरेंट पॉवर और जिंदल इंडिया रिन्यूएबल एनर्जी जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों ने निवेश प्रस्ताव दिए हैं। इस निवेश से राज्य में अक्षय ऊर्जा उत्पादन को गति मिलेगी और औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

राज्य सरकार के ठोस प्रयासों से मध्यप्रदेश ग्रीन-एनर्जी हब के रूप में उभर रहा है। वर्तमान में राज्य में 5 बड़ी सौर परियोजनाएँ हैं, जिनकी कुल उत्पादन क्षमता 2.75 गीगावाट (2,750 मेगावाट) है। सरकार वर्ष-2030 तक नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता को 20 गीगावाट (20,000 मेगावाट) तक करने के लक्ष्य को दृष्टिगत रखते हुए कार्य कर रही है।

नीमच और मुरैना- वैश्विक स्तर के सौर पार्क

प्रदेश में बड़ी सौर परियोजनाएं आकार ले रही हैं, जिनमें नीमच 170 मेगावाट सौर परियोजनाऔर मुरैना हायब्रिड उत्पादन और स्टोरेज पार्क शामिल हैं।

नीमच सौर परियोजना में अब तक 100 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण किया जा चुका है और परियोजना क्रियाशील हो चुकी है। भारतीय रेलवे और मध्यप्रदेश पॉवर मैनेजमेंट कंपनी (एमपीपीएमसीएल) के लिए ये परियोजना महत्वपूर्ण है, क्योंकि वर्तमान में भारतीय रेल को ऊर्जा की आपूर्ति मध्यप्रदेश से ही की जा रही है। मुरैना हायब्रिड उत्पादन और स्टोरेज पार्क में दिन में सौर ऊर्जा उत्पादन कर संग्रह किया जाएगा, जबकि रात में पीक-ऑवर में इस संगर्हित विद्युत ऊर्जा की आपूर्ति की जाएगी। इस पार्क में उन्नत ऊर्जा प्रबंधन तकनीकों का उपयोग किया जाएगा।

किसानों के लिए ऊर्जा आत्मनिर्भरता

मध्यप्रदेश सरकार किसानों को अतिरिक्त आय और ऊर्जा आत्मनिर्भरता देने के लिए कुसुम योजनाको बढ़ावा दे रही है। इस योजना के अंतर्गत कुसुम-ए योजना में अब तक 1490 मेगावाट क्षमता के संयंत्र स्वीकृत कर उनमें से 570 मेगावाट क्षमता के संयंत्रों का चयन किया जा चुका है। इनमें से अब तक 39 मेगावाट क्षमता के संयंत्र स्थापित भी किये जा चुके हैं।

कुसुम-सी योजना में अब तक 3000 मेगावाट क्षमता की परियोजनाएं क्रियान्वित हो चुकी हैं। इनमें से 529 मेगावाट क्षमता की चयनित परियोजनाओं में से 40 मेगावाट क्षमता के संयंत्र स्थापित हो चुके हैं।

मुख्यमंत्री सोलर पंप योजना

मध्यप्रदेश में इस योजना में आगामी तीन वर्ष में (प्रति वर्ष 10 लाख) 30 लाख किसानों को सौर पम्प उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना

प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में वर्ष 2026 तक देश के 1 करोड़घरों में सौर संयंत्र लगाने का लक्ष्य तय किया गया है। अब तक देश के 10 लाख से अधिक घर सौर ऊर्जा से रोशन हो चुके हैं। मध्यप्रदेश इसमें अग्रणी राज्य बनकर उभर रहा है। इस योजना में रिन्यूएबल एनर्जी सर्विस कंपनी मॉडल सेसरकारी भवनों के सौर ऊर्जीकरण के लिए निजी निवेशकों की भागीदारी से तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। योजना में उच्च आय वर्ग की कॉलोनियों में सौर संयंत्र लगाकर बिजली बिल में बचत को प्रोत्साहित किया जा रहा है।तेजी से बढ़ते निवेश, कम लागतऔरबेहतर नीतियों से मध्यप्रदेश सौर ऊर्जा का राष्ट्रीय केंद्र बन कर उभर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि राज्य ऊर्जा सरप्लस राज्य बन चुका है। राज्य सरकार प्रदेश को अक्षय ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाकर देश में नवकरणीय ऊर्जा की आपूर्ति का केन्द्र बनाने के प्रयासों में जुटी हुई है।

मध्यप्रदेश- भारत के %नेट ज़ीरो कार्बन% लक्ष्य में प्रमुख योगदानकर्ता

भारत के 'नेट ज़ीरो कार्बन' लक्ष्य वर्ष-2070 को प्राप्त करने में राज्य सरकार की यह पहल महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# विधानसभा बजट सत्र का सातवां दिन सौरभ शर्मा मामले में सीबीआई जांच की मांग

भोपाल (आरएनएस)।मध्य प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के 7वें दिन कांग्रेस विधायकों ने आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा मामले की सीबीआई जांच की मांग की।

कांग्रेस विधायक हेमंत कटारे ने कहा, '14 सितंबर 2016 को मंत्री ने सौरभ शर्मा को परिवहन विभाग में नियुक्ति के लिए नोटशीट लिखी थी। इसके बाद दूसरी बार 23 सितंबर 2016 को परिवहन विभाग में नियुक्ति के लिए दूसरी बार नोटशीट लिखी गई। कटारे ने कहा सौरभ शर्मा को नियुक्ति के लिए दो विकल्प दिए गए थे। सौरभ शर्मा सत्य प्रकाश फिर राजेंद्र सेंगर के सहारे मंत्री तक पहुंचा था। उसका इतना रसूक था कि वो जिलों के ट्रांसपोर्ट कमिश्नर के ट्रांसफर करवाया करता था।

हेमंत कटारे ने कहा कि सदन में उसकी नियुक्ति को लेकर जो रिकॉर्ड मौजूद है, उसके तहत सौरभ शर्मा की भर्ती फर्जी तरीके से हुई थी। कटारे ने उसकी नियुक्ति में सहयोग करने वाले अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ भी कार्यवाही की मांग की है।'

स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि, 'अनुकंपा नियुक्ति के लिए सबसे पहले विभाग प्रस्तावना भेजता है। फिर कलेक्टर देखता है कि, किस विभाग में खाली जगह है, जहां उसे नियुक्त किया जा सकता है। इसके बाद भी अनुकंपा नियुक्ति परिवहन विभाग में सौरभ शर्मा को दी गई थी। इसमें कोई गलत नहीं है। वहीं, इस मामले में जांच करने को लेकर परिवहन मंत्री ने कहा कि, इसमें अभी इनकम टैक्स लोकायुक्त और ईडी जैसी एजेंसियां जांच कर रही हैं। ऐसे में सीबीआई जांच का कोई औचित्य नहीं है।'

विधानसभा में सौरभ शर्मा को लेकर पूछे गए हेमंत कटारे के सवाल पर सभी कांग्रेस विधायक एकजुट होकर विधानसभा अध्यक्ष के सामने पहुंचे। मामले की जांच सीबीआई से कराने पर अड़ गए। जब कांग्रेस विधायकों की बात का कोई जवाब नहीं मिला तो उन्होंने सदन से वॉकआउट कर दिया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि 'सौरभ शर्मा के पास जो पैसा मिला, वो जनता का है। मामले की जांच सीबीआई से करानी चाहिए।

# 23 हजार से अधिक पंचायत सचिव 26 मार्च से 7 दिन की सामूहिक अवकाश पर जाएंगे

भोपाल (आरएनएस)।मध्य प्रदेश में पंचायत सचिवों ने सरकार के खिलाफमोर्चा खोल दिया है। पिछले 3-4 महीनों से वेतन नहीं मिलने के कारण प्रदेश के 23 हजार से अधिक पंचायत सचिव 26 मार्च से 1 अप्रैल तक सामूहिक अवकाश पर जाएंगे। इस हड़ताल से प्रदेश की ग्राम पंचायतों का कामकाज प्रभावित होगा।

हड़ताल से पहले सभी पंचायत सचिव अपनी 7 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला मुख्यालयों में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। इस दौरान वे सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन भी करेंगे। पंचायत सचिव संगठन का कहना है कि अगर उनकी मांगों का समाधान नहीं किया गया तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे।

0-पंचायत सचिवों की मांगें:वेतन हर माह की 1 तारीख को दिया जाए।

बीते महीनों का वेतन तत्काल जारी किया जाए।

सरकारी कर्मचारी के समान सुविधाएं दी जाएं।

सीएम की घोषणा के बावजूद समयमान वेतनमान नहीं दिया गया उसे भी जल्द दिया जाए।

23 हजार पंचायत सचिवों के सामूहिक अवकाश पर जाने से पंचायत कार्यों पर असर पड़ेगा। इससे ग्रामीण विकास और अन्य सरकारी योजनाओं की क्रियान्वयन प्रक्रिया भी प्रभावित होगी। सरकार समय रहते सचिवों की समस्याओं का समाधान नहीं करती है, तो इससे प्रशासनिक कामकाज में और भी अधिक दिक्कतें आ सकती हैं।

**अवैध उत्खनन के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई, पोकलेन मशीन को किया गया जब्त**

गुना (आरएनएस)। चांचौड़ा क्षेत्र में अवैध खनिज उत्खनन की शिकायतों के संबंध में आज आज एसडीएम चांचौड़ा रवि मालवीय के निर्देशन में राजस्व दल द्वारा मौका निरीक्षण किया गया। जिसमें ग्राम चोपनकला, तहसील चांचौड़ा में पार्वती नदी के प्रवाह क्षेत्र में नदी के बीचो-बीच एक पोकलेन मशीन खड़ी पाई गई।

# नया ओ.एस. स्वीकृत होते ही भर्ती की प्रक्रिया शुरू करें - ऊर्जा मंत्री तोमर

भोपाल-(आरएनएस) बिजली के क्षेत्र में मध्यप्रदेश को नम्बर एक राज्य बनाना है। इसके लिये टीम भावना के साथ कार्य करें। बिजली कंपनियों की नवीन संगठनात्मक संरचना (ओ.एस.) स्वीकृत होते ही भर्ती की प्रक्रिया शुरू करें। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह निर्देश गुरूवार को मंत्रालय में विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान दिये।



मंत्री श्री तोमर ने कहा कि आउटसोर्स कर्मचारी रखने की नीति सभी कंपनियों की एक समान होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की एक टीम बनायें, जो यह देखे कि कंपनियों में क्या समस्यायें हैं। साथ ही उनके निराकरण के लिए एक समान नीति बनाये।

लाइन लासेस कम करें

मंत्री श्री तोमर ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्डों के आधार पर लाइन लॉसेस कम करें। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में बिजली बिलों की बसूली कम होती है, वहाँ वसूली बढ़ाने के लिये कार्य योजना बनायें। उपभोक्ता संतुष्टि को प्राथमिकता दें।

मंत्री श्री तोमर ने कहा कि लोक अदालतों के माध्यम से लंबित प्रकरणों का निराकरण करायें। इससे कंपनी की आय में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि बिलिंग के सिस्टम में समानता होनी चाहिए। अवैध कनेक्शन को मीटरीकृत कर वैध करें। इससे बिलों की वसूली हो सकेगी। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों में तत्परता से कार्यवाही करें। शासन के निर्देशों के अनुरूप नीति बनायें, जिससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हों। उन्होंने कहा कि अच्छे कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत करें।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि जन संवाद को गंभीरता से लें। यह कंपनी और उपभोक्ता दोनों के लिये लाभकारी है। वर्ष 2021 से अभी तक 17 लाख 20 हजार से अधिक बिजली उपभोक्ताओं से संवाद हो चुका है। उन्होंने कहा कि विभाग की परिसंपत्तियों को सूचीवद्ध करवाकर उन्हें सुरक्षित करें। आवश्यकतानुसार फेंसिंग अथवा वाउण्ड्रीबाल बनवायें। बैठक में अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री नीरज मण्डलोई ने विभागीय योजनाओं की उपलब्धियों की जानकारी दी।

# प्रदेश में स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के जमीनी सत्यापन की प्रक्रिया जारी 269 शहरों में परीक्षण का कार्य पूरा

भोपाल-स्वच्छता एक संकल्प है, जिसे मध्यप्रदेश में एक जन आंदोलन बनाया गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता संकल्प को प्रदेश ने आत्मसात किया है। स्वच्छता आंदोलन के परिणाम दिखाई देने लगे हैं। देश और प्रदेश में हर वर्ष की तरह दुनिया की सबसे बड़ी स्वच्छता प्रतियोगिता स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 जारी है।

स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रदेश के शहर बहुत गंभीरता के साथ अपनी भागीदारी कर रहे हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण के दौरान केन्द्र सरकार की सर्वेक्षण टीमें शहरों में स्वच्छता व्यवस्थाओं का जायजा लेती हैं। इसमें स्वच्छता की आधारभूत तैयारियों का परीक्षण, खुले में शौच से मुक्ति और मल-जल का निस्तारण (ओडीएफ++ और वॉटर+) कचरा मुक्त शहरों के लिए स्टार रेटिंग (1,3 5 व 7 स्टार रेटिंग) सहित कुल तीन परीक्षण किए जाते हैं। अभी प्रदेश में आधारभूत तैयारियों का परीक्षण जारी है, जिसमें 269 शहरों में परीक्षण पूर्ण हो चुका है, शेष शहरों के परीक्षण के लिये टीमें पहुँच रही हैं। इसके बाद ओडीएफ++ और स्टार रेटिंग के परीक्षण शुरू होंगे।

मध्यप्रदेश के नगरीय निकाय वर्ष भर शहरी स्वच्छता को सँवारने में जुटे रहते हैं। प्रदेश में नियमित कचरा संग्रहण, परिवहन और निपटान के लिए प्रभावी तंत्र विकसित किया गया है।

# उपार्जन, परिवहन एवं भण्डारण में निगरानी के लिए बनेगा केन्द्रीय कृत कंट्रोल कमांड सेंटर -मंत्री राजपूत

भोपाल (आरएनएस) -खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने अफसरों को निर्देश दिये हैं कि धान और गेहूँ उपार्जन, परिवहन और भण्डारण में सामने आने वाली गड़बडियों को रोकने के लिए एकीकृत निगरानी तंत्र जल्द विकसित करें। खाद्य मंत्री श्री सिंह ने अपर मुख्य सचिव खाद्य एवं आयुक्त खाद्य को दिये निर्देश में कहा कि है धान और चावल के मिलिंग और परिवहन के दौरान वाहनों में जीपीएस सिस्टम आवश्यक रूप से लगवाने के साथ उसकी मॉनिटरिंग भी करें। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि मुख्यालय स्तर पर कन्ट्रोल कमांड सेन्टर बनाया जाए जिससे खाद्य विभाग, नागरिक आपूर्ति निगम एवं वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों को पूरे प्रदेश में भण्डारित किये गये उपार्जित धान एवं गेहूँ और चावल की मात्रा, परिवहन और मिलिंग की जानकारी एक ही क्लिक पर उपलब्ध हो जाए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुरूप खाद्य विभाग में जीरो टॉरलेंस की नीति के पारदर्शी तरीके से क्रियान्वयन हेतु खाद्य मंत्री श्री राजपूत हर संभव कोशिश कर रहे हैं। गौरतलब है कि खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने विधानसभा में सदन को आश्वस्त किया था कि उपार्जन, परिवहन, भण्डारण में गड़बड़ी रोकने के लिए एकीकृत प्रणाली विकसित कर होने वाली गड़बड़ियों पर लगाम कसेंगें। दरअसल सहकारिता विभाग के सहयोग से मिलकर गड़बड़ी करने वाली समितियों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई जारी रखेगें। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने सदन को आश्वस्त किया था कि जिन जिलों में समितियों में कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटर द्वारा किसी भी प्रकार की गड़बड़ियां सामने आई है उन पर कठोर कार्रवाई की जाएंगी, किसी को भी बख्शा नहीं जायेगा। प्रदेश में खरीफ उपार्जन वर्ष 2024-25 के तहत उपार्जित धान की मिलिंग का कार्य विभिन्न मिलर्स के माध्यम से प्रक्रियाधीन है। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने प्रबंध संचालक नागरिक आपूर्ति निगम को 11 फरवरी 2025 को निर्देश दिये थे कि धान की मिलिंग कार्य उपरांत मानक गुणवत्ता के चावल प्राप्त करने के लिए नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा मुख्यालय स्तर पर एक दल गठित कर मिलिंग के दौरान समय-समय पर सीएमआर की रैंडम जांच सुनिश्चित करें। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि को लिखी गई नोटशीट के संबंध में खरीफ उपार्जन वर्ष 2024-25 में धान की मिलिंग उपरांत चावल की गुणवत्ता भारत शासन के निर्धारित मापदंडों के अनुरूप सुनिश्चित करने के लिए एक 3 सदस्यीय दल नागरिक आपूर्ति निगम के द्वारा गठित किया गया है। टीम में मुख्यालय में पदस्थ सहायक महाप्रबंधक (परिदान), सहायक महाप्रबंधक (गु.नि.), गुणवत्ता नियंत्रक (मुख्यालय) को शामिल किया गया है। यह समिति समय-समय पर जिलों में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी सामने आने पर संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के साथ तत्समय वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराएंगी।

# कुंभकर्ण के वेश में विधानसभा पहुंचे विधायक, सड़क पर सोए

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के 7वें दिन महिदपुर से कांग्रेस विधायक दिनेश जैन बोस कुंभकर्ण के गेटअप में विधानसभा पहुंचे। उन्होंने सड़क पर लेटकर सरकार पर परिवहन घोटाले, बेरोजगारी औ किसानों के मुद्दे पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और कांग्रेस के विधायकों ने पुंगी बजाकर उन्हें उठाने की कोशिश की।

इस प्रदर्शन पर मंत्री विश्वास सारंग ने कहा- कांग्रेस फोटो खिंचाने के लिए प्रदर्शन कर रही है। विधानसभा में जनता की समस्याओं के बारे में चर्चा होनी चाहिए। हम इसके लिए हर समय तैयार हैं।

**विंध्याचल भवन में लगी आग**

भोपाल (आरएनएस)। विंध्याचल भवन में गुरुवार दोपहर को आग लग गई। हादसा घुमक्कड़ विभाग के विकास आयुक्त कार्यालय में हुआ। आग की इस घटना से कर्मचारी दहशत में आ गए। बिल्डिंग से धुआं निकलता नजर आया।

आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस और नगर निगम की फायर ब्रिगेड की 3 गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। हालांकि इसके पहले ही वहां मौजूद कर्मचारियों आग बुझा दी। दरअसल, घुमक्कड़ विभाग के विकास आयुक्त कार्यालय में रिनोवेशन कार्य चल रहा था।

# वर्तमान मुख्यमंत्री मोहन ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय को लेकर विधानसभा में जयवर्धन पर कसा तंज

गुना (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने विधानसभा में कहा कि जयवर्द्धन सिंह आंखें खोल कर देखें, क्या कोई स्कूल, कॉलेज 10 साल के मुख्यमंत्री काल में आपके पिता दिग्विजय सिंह जी ने खोले थे क्या ??

माननीय मुख्यमंत्री जी, हम आपको अध्ययन सहित बताते है कि आदरणीय राजा साहब ने मुख्यमंत्री रहते शिक्षा के क्षेत्र में क्या काम किए थे।

वर्ष 1991 में मध्य प्रदेश की साक्षरता दर 20.11% थी, 1993 में माननीय राजा साहब मुख्यमंत्री बने और वर्ष 2001 में 64.11% हुई यानि माननीय राजा साहब के 10 वर्षीय कार्यकाल में साक्षरता दर में 44% की अभूतपूर्व वृद्धि हुई।

अब यह कैसे हुई यह जान लो।

आदरणीय राजा साहब शिक्षा को गांव और चौपाल तक लेकर गए, गरीबों के द्वार तक लेकर गए, डॉ मनमोहन सिंह जी शिक्षा का अधिकार बाद में लेकर आए, उससे पहले ही शिक्षा को गांव गांव, मजरा, टोला में गरीब के घर तक पहुंचाने के प्रयास माननीय राजा साहब ने किए थे।

आदरणीय राजा साहब के 10 वर्षों में राजीव गांधी साक्षरता मिशन में पढ़ना बढ़ना आंदोलन चलाया, जिसमें गांव के 1 किलोमीटर में प्राथमिक विद्यालय खोले गए, 3 किलोमीटर में माध्यमिक विद्यालय खोले गए, इस तरह पूरे प्रदेश में 26000 नए स्कूल खोले गए।

हर जिले में एक उत्कृष्ट विद्यालय खोले गए, जिससे जिले स्तर पर मेधावी छात्रों के लिए उत्कृष्ट शिक्षा की व्यवस्था की गई।

आदरणीय राजा साहब के मुख्यमंत्री काल में शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों के लिए राज्य सरकार को कॉमनवेल्थ देशों के संगठन द्वारा मलेशिया में स्वर्ण पुरस्कार दिया गया था।

आज मध्य प्रदेश की साक्षरता दर कितनी है 69.32% है यानि पिछले 20 साल के भाजपा शासनकाल में मात्र 5% की वृद्धि हुई।

अब 20 वर्षों भाजपा सरकार ने कितने नए प्राथमिक, माध्यमिक स्कूल खोले ?? खोलना तो दूर कितने स्कूल बंद किए है, यह आंकड़ा केंद्र सरकार ने दिया है कि पिछले 10 वर्षों में देश में सबसे ज्यादा मध्य प्रदेश में 25126 स्कूल बंद किए है।


संसदीय गरिमा के अनुरूप भाषा शैली सुधारों

# स्वयं के साथ समाज के अन्य लोगों को भी करें जागरूक - एसीएस श्रीमती शमी

भोपाल-(आरएनएस) हम सभी किसी न किसी रूप में उपभोक्ता हैं। सभी को उपभोक्ता अधिकारों की समग्र जानकारी नहीं है। समाज को उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक करना हमारी जिम्मेदारी है। अपर मुख्य सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने यह बात विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में कही। श्रीमती शमी ने कहा कि वर्तमान में अधिकांश खरीदी ई-प्लेटफार्म के माध्यम से की जा रही हैं। इसमें गुणवत्तायुक्त सामग्री नहीं मिलने पर क्या कार्रवाई की जा सकती है, इसकी जानकारी होना चाहिए। जिला उपभोक्ता संरक्षण अदालतों में 50 लाख रूपये तक, राज्य उपभोक्ता संरक्षण आयोग में 50 लाख रूपये से 2 करोड़ रूपये तक और राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण आयोग में इससे अधिक राशि के प्रकरणों की सुनवाई की जाती है। उपभोक्ता निर्णय से असंतुष्ट होने पर 45 दिन में अगले स्तर पर अपील कर सकते हैं। उन्होंने सामाजिक संगठनों से आग्रह किया कि उपभोक्ताओं को सतत् जागरूक करते रहें।



मध्यप्रदेश राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष श्री व्ही.के. मल्होत्रा ने कहा कि उपभोक्ताओं की जागरूकता और योजनाओं का क्रियान्वयन करने वालों की संवेदनशीलता बहुत जरूरी है। रजिस्ट्रार मध्यप्रदेश उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग श्री शोभित जैन ने कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं संभाग और जिला स्तर पर भी आयोजित कर उपभोक्ताओं को जागरूक किया जाये। उन्होंने सस्टेनेबल फ्यूचर और ग्रीन फुट-प्रिंट के बारे में भी उपभोक्ताओं को जागरूक करने पर जोर दिया। आयुक्त खाद्य श्री कर्मवीर शर्मा ने बताया कि उपभोक्ता अदालतों में ऑनलाइन सुनवाई की भी व्यवस्था की गई है। इससे उपभोक्ता घर से ही सुनवाई में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं को प्रदत्त अधिकारों के बारे में भी जानकारी दी। अतिथियों ने उपभोक्ता जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली संस्था जागरूक उपभोक्ता समिति इंदौर को एक लाख 11 हजार रूपये का प्रथम पुरस्कार और अखिल भारतीय उत्थान संगठन सतना को 51 हजार रूपये का द्वितीय पुरस्कार दिया। उपभोक्ता अधिकार विषय पर राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता के विजेता छात्र शा.उ.म. विद्यालय विरसा जिला बालाघाट के श्री धारेन्द्र मरावी को 6 हजार रूपये का प्रथम, शा.मा. विद्यालय क्रमांक-19 नया बसेरा के श्री पवन ताकतोड़े को 4 हजार रूपये का द्वितीय और क्रिस्टिना कॉन्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल महूगांव जिला इंदौर की सुश्री हीरल दसोंधी को 2 हजार रूपये का तृतीय पुरस्कार और प्रशस्ति-पत्र दिया गया। इसी तरह पोस्टर प्रतियोगिता के विजेता छात्र इंदौर के शा.प्रा.वि. 19 नया बसेरा जिला इंदौर की कुमारी पूनम बोदड़े को 6 हजार रूपये का प्रथम, शा.उ.मा.वि. बिरसा जिला बालाघाट की कुमारी झरना रहांगडाले को 4 हजार रूपये का द्वितीय और पीएमश्री शा.क.उ.मा.वि. बैहर जिला बालाघाट की कुमारी सेजल टेकाम को 2 हजार रूपये का तृतीय पुरस्कार दिया गया।



सनातन धर्म में मंगलवार का दिन राम भक्त हनुमान जी को समर्पित होता है। यह दिन भगवान श्रीराम और हनुमान जी की पूजा के लिए शुभ माना जाता है। माना जाता है कि जो भी जातक सच्चे मन से मंगलवार के दिन व्रत करते है और हनुमान जी की पूजा करते हैं। उनकी हर मनोकामना पूरी होती है। कहा जाता है कि संकटमोचन हनुमान जी की कृपा मिलने पर सभी संकट दूर होते हैं। साथ ही व्यक्ति को भगवान श्रीराम की कृपा प्राप्त होती है। इसलिए हनुमान जी और राम जी की कृपा पाने के लिए मंगलवार को विधि-विधान से पूजा करनी चाहिए। इसके साथ ही राम रक्षा स्त्रोत का पाठ करना चाहिए।

## मुठभेड़ों पर आलोचनात्मक टिप्पणियां

यूपी में एनकाउंटर कोई नई घटना नहीं है। पहले भी कुछ मौकों पर विपक्ष ने मुठभेड़ों पर सवाल उठाए हैं। यहां तक कि न्यायपालिका ने आलोचनात्मक टिप्पणियां की हैं। लेकिन आम तजुर्बा है कि यूपी सरकार पर कोई असर नहीं होता। उत्तर प्रदेश में एनकाउंटर (जिनके बारे में आरोप है कि उनमें ज्यादातर फर्जी होते हैं) और बुल्डोजर राज इतना आम फहम हो गया है कि उनसे कानून के राज के ध्वस्त होने को लेकर आशंकाएं गहराती चली गई हैं। देखा गया है कि मोटे तौर पर ऐसी कार्रवाइयों के निशाने पर अल्पसंख्यक समुदाय के लोग होते हैं। चूंकि उनसे सहानुभूति जताना आज राजनीतिक रूप से घाटे का सौदा माना जाता है, इसलिए उनसे जुड़ी घटनाओं पर सियासी दायरे में कोई बड़ा शोरगुल नहीं होता। इसको लेकर सवाल तभी उठते हैं, जब इनका निशाना राजनीतिक रूप से किसी रसूखदार समुदाय का व्यक्ति बने। ऐसे ही सवाल अभी उत्तर प्रदेश में गर्म हैं। राज्य के सुल्तानपुर जिले में 28 अगस्त को एक गहने की दुकान में डकैती हुई, जिसमें करीब दो करोड़ रुपये के कीमती सामान लूट लिए गए। पुलिस ने धर-पकड़ शुरू की।छह दिन बाद एक मुठभेड़' में तीन लोगों को घायल कर गिरफ्तार कर लिया। अगले दिन यानी चार सितंबर को एक व्यक्ति ने अदालत में समर्पण कर दिया।

छह सितंबर को यूपी की स्पेशल टास्क फोर्स ने मंगेश यादव नाम के एक अभियुक्त को मुठभेड़ में मार गिराया। मंगेश के परिजनों का आरोप है कि दो दिन पहले उसे एसटीएफ वाले पूछताछ के लिए घर से उठा ले गए थे और फिर मुठभेड़ में उसके मारे जाने की खबर आई। परिजनों का आरोप है कि यह एनकाउंटर नहीं बल्कि हत्या है।

# पीएम जनमन से बैगा परिवारों की बदल रही तस्वीर और तकदीर

नसीम अहमद खान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विशेष रूप से पिछड़ी जनजातियों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए संचालित पीएम जनमन योजना (प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान) के चलते छत्तीसगढ़ राज्य के अति पिछड़े जनजातीय समुदाय तकदीर और इनकी बसाहटों की तस्वीर तेजी से बदलने लगी है। विशेष पिछड़ी जनजातियों के रहवासी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विकास होने लगा है। बरसों-बरस से आवास, स्वच्छ पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित इन जनजातीय समूहों को अब मिशन मोड में यह बुनियादी सुविधाएं सुभल होने लगी है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पीएम जनमन योजना के सफल क्रियान्वयन से राज्य के सभी विशेष पिछड़ी जनजातीय इलाकों में बुनियादी विकास एवं निर्माण के कार्य तेजी से कराये जा रहे है। राज्य में पीएम जनमन योजना को शुरू हुए अभी एक साल का भी अरसा पूरा नहीं हुआ है, फिर भी छत्तीसगढ़ सरकार की प्रतिबद्धता के चलते इसके सार्थक परिणाम दिखाई देने लगे है। कबीरधाम जिले में प्रधानमंत्री जनमन योजना के चलते बैगा समुदाय की तकदीर और इनकी बसाहटों की तस्वीर बदलने लगी है।

छत्तीसगढ़ राज्य के उत्तर-पश्चिम भाग में स्थित कबीरधाम, राजनांदगांव, मुंगेली, बिलासपुर और कोरिया जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के लोग निवास करते है। जनसंख्यात्मक दृष्टिकोण से बैगा, छत्तीसगढ़ राज्य की विशेष पिछड़ी जनजातियों में सर्वाधिक आबादी वाला जनजाति समुदाय है। छत्तीसगढ़ राज्य में उक्त 5 जिलों में बैगा समुदाय के 24 हजार 589 परिवार निवासरत है, जिसमें से लगभग 46 प्रतिशत यानि 11 हजार 261 परिवार कबीरधाम जिले में रहते हैं।

कबीरधाम जिले के बोड़ला एवं पंडरिया में बैगा समुदाय के लोग निवास करते हैं। इस समुदाय की 38 बसाहटों में निवासरत 255 परिवारों के घरों में विद्युत सुविधा से रौशन किया जा चुका है, जबकि 56 बैगा बसाहटों को जोडने् के लिए 186.20 किलोमीटर लम्बाई वाली 47 सड़कों के निर्माण के लिए 135.72 करोड़ रूपए की स्वीकृति दी गई है। इनमें से 42 सड़कों के निर्माण प्रारंभ हो चुका है, जिसके अंतर्गत पक्की डामरीकृत सड़क एवं नदी-नालों पर पुल-पुलियों का निर्माण जारी है। कबीरधाम के पंडरिया विकासखंड के ग्राम भागड़ा, जामुनपानी, कामठी, कुई, मंगली सारपानी टाकटाईयां, बदना, गुडा, छिरहा, मुनमुना, नेउर और लालपुर में विशेष शिविर लगाकर बैगा समुदाय के लोगों के स्वास्थ्य एवं सिकलसेल की जांच के साथ ही 1870 बैगा परिवारों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए हैं। इन गांवों के 86 गर्भवती माताओं का सुरक्षित प्रसव कराया गया। स्वास्थ के प्रति जन-जागरूकता का विशेष अभियान संचालित करने का यह परिणाम है कि अब बैगा समुदाय की महिलाएं भी प्रसव के लिए सरकारी अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में बिना झिझक आने लगी है।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा खेती-किसानी के लिए दी जा रही मदद के चलते अब बैगा समुदाय के लोग बेवर खेती को छोड़ परंपरागत तौर-तरीकों से खेती-किसानी करने लगे है। बेवर खेती दरअसल झूम खेती है। बैगा समुदाय के लोग एक स्थान पर स्थायी तौर पर निवास न करने के कारण बेवर यानी झूम खेती किया करते थे। बिना ब्याज के कृषि ऋण, अनुदान पर कृषि यंत्रों सहित अन्य सुविधाएं मिलने की वजह से बैगा समुदाय के लोग अब बेवर खेती को छोड़ स्थायी खेती करने लगे है। कबीरधाम जिले में शासन द्वारा बैगा समुदाय के लोगों को किसान क्रेडिट कार्ड एवं खेती-किसानी के लिए इस वर्ष 11.70 लाख रूपए का कृषि ऋण दिया जा चुका है। ग्राम दमगढ़ निवासी समेलाल बैगा के पास 5.5 एकड़ कृषि भूमि है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत उन्होंने एक लाख रूपए ऋण लेकर अपनी कृषि भूमि पर धान की खेती के लायक बना दिया है। समेलाल का कहना है कि धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी और राशि का तत्काल भुगतान होने से उन्हें कृषि से लाभ होने लगा है। ग्राम रोखनी के राजकुमार बैगा के पास 02 एकड़ कृषि भूमि है। प्रधानमंत्री जनमन योजना से ऋण लेकर उन्होंने खेत का सुधार कराया है और धान की खेती की है। फसल अच्छी होने की वजह से उन्हें, इससे लाभ होने की उम्मीद है। नवीन क्रेडिट कार्ड से ऋण मिलने से खेती की जरूरतें पूरी होने लगी है। पीएम-जनमन योजना के चलते कबीरधाम जिले की 260 बैगा बसाहटों में सोलर पंप, पानी टंकी, पाईप लाईन के माध्यम से बैगा परिवारों के घरों में नल से जल की आपूर्ति का काम तेजी से कराया जा रहा है। वर्तमान में विकासखंड बोड़ला के 181 बसाहटों में से 62 बसाहटों में सोलर पंप, पानी टंकी, पाईप लाईन के माध्यम से जलापूर्ति शुरू कर दी गई है, शेष 119 बसाहटों में नल कनेक्शन दिए जाने का काम जारी है।

## न्यायिक प्रक्रिया में सुधार सर्वोच्च प्राथमिकता हो

भारत की न्याय प्रणाली विसंगतियों एवं विषमताओं से घिरी है। न्याय-व्यवस्था जिसके द्वारा न्यायपालिकाएं अपने कार्य-संचालन करती है वह अत्यंत महंगी, अतिविलंबकारी और अप्रत्याशित निर्णय देने वाली है। 'न्याय प्राप्त करना और इसे समय से प्राप्त करना किसी भी राज्य व्यवस्था के व्यक्ति का नैसर्गिक अधिकार होता है।' 'न्याय में देरी न्याय के सिद्धांत से विमुखता है।' एक ही प्रकृति के मामलों में अलग-अलग फैसले आना, कुछ न्यायाधीश कभी-कभी व्यक्तिगत पसंद के आधार पर मामलों को चुनते देखे जाते हैं, कुछ वकीलों को केस असाइनमेंट और सुनवाई के समय के मामले में तरजीह दी जाना, आंशिक सुनवाई के मामलों की प्रथा आदि भारतीय न्यायिक व्यवस्था में विद्यमान चुनौतियों एवं विसंगतियों को दूर करने के लिये न्याय प्रक्रिया में आमूल-चूल परिवर्तन की अपेक्षा है। हाल ही में यह बात सामने आई है कि एक मौजूदा न्यायाधीश के आवास पर बड़ी मात्रा में नकदी पाई गई। इस तरह की घटना, किसी भी चल रही जांच के बावजूद, न्यायपालिका की ईमानदारी और निष्पक्षता पर एक बदनुमा दाग है। न्यायपालिका ईमानदारी, निष्पक्षता और कानून के समक्ष समान व्यवहार के मूल्यों पर आधारित लोकतंत्र के चार स्तंभों में सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्तंभ है। न्यायालयों की ईमानदारी में जनता और कानूनी समुदाय का विश्वास बहाल करने के उद्देश्य से कानून में क्रांतिकारी बदलाव की अपेक्षा है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना भारत के सर्वोच्च न्यायालय के 51वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में इसके लिये तत्पर है और वे न्याय-प्रक्रिया की कमियों एवं मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं, उनमें सुधार के लिये जागरूक दिखाई दे रहे हैं। निश्चित ही उनसे न्यायपालिका में छाये अंधेरे सायों में सुधार रूपी उम्मीद की किरणें दिखाई देने लगी है। स्वल्प समय में ही सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में वे कई महत्त्वपूर्ण फैसलों के कारण चर्चा में हैं। प्रधान न्यायाधीश के रूप में उन्होंने देश की न्यायपालिका के आमूल-चूल स्वरूप में परिवर्तन पर खुलकर जो विचार रखे हैं,

## पिता की सेवा-शुश्रुषा सदैव करनी चाहिए

अशोक प्रवृद्ध

श्राद्ध कर्म में विशेष कर पितृ शब्द से विद्यादाता का ग्रहण होता है। अपने उत्पादक पिता की सेवा-शुश्रूषा तो सबको सदैव करनी ही चाहिए। ऐसा नहीं करने वाला कृतघ्न होता है। ज्ञान व विद्या देने वाले ज्ञानी पिता का भी भोजनादि से प्रतिदिन सत्कार करना ही श्राद्ध है। अपने जनक और अन्य यज्ञोपवीत कराने वाले आदि की सेवा को सामान्य प्रकार से तर्पण कहते हैं। श्राद्ध कर्म में पूजने योग्य दो ही हैं- पितृ और देव। भारतीय परंपरा में मानव जीवन के लिए महत्वपूर्ण माने गए पंच महायज्ञों में ब्रह्मयज्ञ (स्वाध्याय), पितृयज्ञ (तर्पण), देवयज्ञ (होम/हवन), बलि वैश्वदेव (भूतयज्ञ)और नृयज्ञ (अतिथि पूजन) में दूसरे स्थान पर पितृयज्ञ शामिल है। पितृयज्ञ तर्पण का ही अवान्तर भेद श्राद्ध है। भूख-प्यास आदि से होने वाले दु:ख की निवृत्तिरूप तृप्ति अथवा प्रसन्नता, मन में पूरा सन्तोष अथवा आनन्दरूप को तर्पण कहा जाता है। और जिस कर्म विशेष के द्वारा अन्न से तृप्त हुए जन क्षुधा से होने वाले दु:ख से निवृत्त होते हैं, श्रद्धा कहा जाता है। श्रद्धापूर्वक दिये जाने वाले अन्न का नाम श्राद्ध है। श्रद्धापूर्वक बनाये अन्न का खाने वाला श्राद्धभोजी होता है। इसलिए पाणिनी सूत्र में श्राद्धमनेन भुक्तमिनिठनौ कहा गया है। जिसने श्राद्ध का भोजन किया हो, वह श्राद्धी अथवा श्राद्धिक कहा जाता है। यहां भक्ति श्रद्धा से पकाये हुए अन्न का नाम श्राद्ध है। इससे यह सिद्ध है कि भोजन से होने वाले सत्काररूप कर्म का नाम श्राद्ध है। इससे यह भी सिद्ध हुआ कि भोजन से होने वाले सत्कार कर्म और उस सत्कार के लिए श्रद्धा से बनाए अन्न का नाम श्राद्ध है। श्रद्धा से दिए जाने वाले इस पितृ संबंधी दानकर्म को श्राद्ध कहते हैं। सामान्यत: पिता शब्द से उत्पादक का अर्थ लिया जाता है, परंतु भारतीय परंपरा में उत्पादक के साथ ही यज्ञोपवीत कराने वाला, विद्यादाता, अन्नदाता और भय से बचाने वाला, ये पांच पिता माने गये हैं। इस प्रकार पितृ शब्द योगरूढ़ है और अपने उत्पादक पिता में रूढ़ि भी है। अन्य लौकिक व्यवहार में पिता शब्द से प्रकरणानुसार जनक, यज्ञोपवीत कराने, अन्न देने अथवा भय से बचाने वाले का ग्रहण होता है। परंतु श्राद्ध कर्म में विशेष कर पितृ शब्द से विद्यादाता का ग्रहण होता है। अपने उत्पादक पिता की सेवा-शुश्रूषा तो सबको सदैव करनी ही चाहिए। ऐसा नहीं करने वाला कृतघ्न होता है। ज्ञान व विद्या देने वाले ज्ञानी पिता का भी भोजनादि से प्रतिदिन सत्कार करना ही श्राद्ध है। अपने जनक और अन्य यज्ञोपवीत कराने वाले आदि की सेवा को सामान्य प्रकार से तर्पण कहते हैं। श्राद्ध कर्म में पूजने योग्य दो ही हैं- पितृ और देव। वाणी के कर्म में प्रवीण, पढ़ाने व उपदेश करने में सदा प्रवृत अर्थात पढ़ाने और उपदेशादि वाणी के कर्म द्वारा विद्या का प्रचार करके जगत का उपकार करने के लिए प्रतिक्षण प्रवृत्त होने वाले देवता कहाते हैं। मनुस्मृति के अनुसार मानसकर्म ज्ञान में सदा रमण करने, अपने मन ही मन में शुद्ध आनन्द की लहरियों का अनुभव करने, सदा अच्छे-बुरे का विवेक करने, बहुत कम नियम से बोलने अथवा वाणी को वश में करके मौन रहने, विषय पर सम्यक अनुभव कर उसके प्रचार से जगत का उपकार करने, उस विषय को पुस्तकादि द्वारा सरल कर प्रचलित करने वाले पितर हैं। वेदविद्या का दान देने से आचार्य, गुरु को पिता कहते हैं।

## 450 साल से ज्यादा पुराना है गोवा का यह फेमस और प्राचीन शिव मंदिर, रोचक है इसका इतिहास

जब भी देश के सबसे खूबसूरत और लोकप्रिय पर्यटन राज्य की बात होती है, तो सबसे पहले गोवा का नाम जरूर लेते हैं। भले ही यह एक छोटा सा राज्य है, लेकिन यहां के खूबसूरत और मनमोहक बीचेज पूरी दुनिया में फेमस हैं। इस बात में कोई दोराय नहीं है कि गोवा अपने खूबसूरत समुद्र तटों और नाइटलाइफ के लिए दुनियाभर में फेमस है। लेकिन गोवा सिर्फ अपनी खूबसूरती और मनमोहक बीचेज की वजह से नहीं बल्कि चर्चों के अलावा प्राचीन और प्रसिद्धि मंदिर के लिए भी जाना जाता है। यहां पर घूमना कई लोगों का सपना होता है।

बता दें कि गोवा में स्थित मंगेशी शिव मंदिर राज्य के सबसे प्राचीन शिव मंदिरों में से एक है। इस मंदिर में दर्शन के लिए जाना कई लोगों का सपना होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गोवा में स्थित मंगेशी शिव मंदिर के इतिहास, पौराणिक कथा, रोचक तथ्य और आसपास में स्थिति घूमने वाली शानदार जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

गोवा के पोंडा जिले में प्रियोल गांव में भगवान शिव को समर्पित मंगेशी मंदिर है। यह गोवा की राजधानी पणजी से करीब 21 किमी और मडगांव से करीब 26 किमी दूर स्थित है।

## कर्नाटक में अल्पसंख्यकों को सरकारी ठेकों में 4 प्रतिशत कोटा क्यों? बताए कांग्रेस

कांग्रेस शासित कर्नाटक की सरकार ने अल्पसंख्यक ठेकेदारों को सरकारी खरीद के ठेकों में 4 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला किया है, उससे मुस्लिम सबसे ज्यादा लाभान्वित होंगे। हालांकि, राज्य सरकार का यह निर्णय वैधानिक दृष्टि से न्यायसंगत प्रतीत नहीं होता है। ऐसा इसलिए कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश तो है, लेकिन यह हिंदुओं के हिस्से वाला हिंदुस्तान भी है। जबकि हमारे राजनेता और उनके %चमचे बुद्धिजीवी% वोट बैंक की लालच में इस कड़वी सच्चाई को नजरअंदाज करते हैं, जिससे देश में अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की सियासत को मजबूती मिलती है। चूंकि इसका सर्वाधिक लाभ मुस्लिम ठेकेदारों को मिलेगा, इसलिए कांग्रेस के इस फैसले की प्रवृति और प्रकृति पर कतिपय सवाल उठना लाजिमी है। पहला, अल्पसंख्यक वर्ग में यह आरक्षण मुस्लिमों, ईसाइयों, सिखों, जैनों, बौद्धों आदि को 4 फीसदी में से कितना-कितना प्रतिशत मिलेगा या फिर पिछले दरवाजे से सिर्फ मुस्लिमों को ही वरीयता दी जाएगी? दूसरा, जब दलितों, आदिवासियों और ओबीसी को सरकारी ठेकों में आरक्षण मिलेगा तो फिर ईडब्ल्यूएस से जुड़े गरीब सवर्णों को क्यों नहीं मिलेगा? तीसरा, महिलाओं और युवाओं को क्यों नहीं?किसानों-मजदूरों-कारीगरों को क्यों नहीं? सिर्फ सरकारी ठेकों में ही क्यों, प्राइवेट ठेकों और ग्लोबल ठेकों में क्यों नहीं? चतुर्थ, सिर्फ कर्नाटक में ही क्यों, हिमाचल प्रदेश आदि कांग्रेस या इंडिया गठबंधन शासित राज्यों में क्यों नहीं? खैर, सवालों की फेहरिस्त बड़ी लंबी हो सकती है और जवाब सिर्फ यही कि कांग्रेस की कमान बैकडोर से वैसे लोगों के हाथों में जा चुकी है जो इस पार्टी को जनमानस में अलोकप्रिय बनाने पर आमादा हैं। पहले समाजवादियों और फिर राष्ट्रवादियों की राजनीतिक सफलता का राज भी यही है। इतिहास गवाह है कि अपनी घोर तुष्टिकरण की सियासत के चलते भारत और अधिकांश राज्यों की सत्ता से बाहर है। 2014 और 2019 के आम चुनावों में उसकी हैसियत विपक्ष का नेता बनने लायक भी नहीं रही थी। 2024 में उसे जो अप्रत्याशित उछाल मिला, उसके उत्साह में वो फिर अतिरेक भरे फैसले कर रही है, जिससे साफ है कि कांग्रेस अब सत्ता प्राप्ति और राष्ट्र निर्माण नहीं बल्कि %पार्टी ध्वंस% और %देश-समाज विध्वंस% को गति देने की राजनीति पर आमादा है। उसकी गलत नीतियों का ही तकाजा है कि पहले भारत टूटा, फिर पाकिस्तान टूटा और कांग्रेस भी कई बार टूटी। यदि सही कहा जाए तो कांग्रेस की असली नेता ममता बनर्जी (तृणमूल कांग्रेस नेत्री और पश्चिम बंगाल की चार बार से मुख्यमंत्री) हैं, न कि नेहरू-गांधी परिवार के सियासी जमींदार, जो सौभाग्य से नेता प्रतिपक्ष तो हैं,

## भगवान शंकर ने परहित हेतु अपने प्राणों की परवाह न करते हुए विषपान किया

संसार की भी बड़ी विचित्र रीति है। सीस पर अगर मुकुट सजवाना हो, तो हर कोई तैयार है। किंतु अगर उसी सीस को देश व धर्म पर न्योछावर करना हो, तो आटे में नमक जितने ही सीस देखने को मिलेंगे।

समुद्र मंथन में भी जब अमृत की जगह कालकूट विष निकला, तो हर कोई उसे अपनाने से मना करने लगा। न देवता उसे ग्रहण करना चाह रहे थे, और न ही दानव। अन्य बड़े बड़े ईष्ट भी अपनी असमर्थता जता चुके थे। किंतु वहीं, जब भगवान शंकर को निवेदन किया गया, तो उनसे धरातल के समस्त जीवों का दुख देखा न गया। रोते कर्राहते जीवों की रुदनता, उन्हें अथाह कष्ट पहुँचा रही थी। कालकूट विष का दुष्प्रभाव ऐसा था, कि कोई भी उससे अछूता नहीं रह पा रहा था। यूँ भासित हो रहा था, मानों पृथवी कुछ ही क्षणों में समाप्त हो जायेगी। देवता और दानव सब ने दोनों हाथ जोड़ कर करुण प्रार्थना की, कि हे शंभूनाथ! अब तो आप ही एक अंतिम आश्रर्य बचे हैं। कहीं किसी ने सहायता नहीं की। सबको अपने प्राणों से प्रेम है। हर कोई अपने प्राणों को बचाना चाह रहा है। किंतु यह भी कटु सत्य है, कि कोई भी अपने प्राण बचा नहीं पायेगा।

## बिहार में एनडीए की राह आसान नहीं

अजीत द्विवेदी

इस साल अब सिर्फ बिहार में विधानसभा का चुनाव है। बिहार अब भी भारतीय जनता पार्टी के लिए अबूझ पहेली है। ऐसी पहेली, जिसे राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तक सब सुलझाना चाहते हैं। लेकिन समझ में नहीं आता है कि इस चक्रव्यूह को कैसे तोड़ें। लोकसभा चुनाव में जो बिहार बड़ी आसानी से भाजपा के हाथ में आ जाता है वह विधानसभा चुनाव में कैसे हाथ से फिसल जाता है यह बड़ा सवाल है। ध्यान रहे बिहार में एनडीए 2009 से लेकर 2024 तक चार चुनावों से बड़ी जीत हासिल कर रहा है। इसमें 2014 का चुनाव भाजपा ने बिना नीतीश कुमार के लड़ा था और तब भी उसने बड़ी जीत हासिल की थी। बगैर नीतीश के भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने 40 में से 32 सीटें जीती थीं। लेकिन 2015 के विधानसभा चुनाव में वही भाजपा और वही उसके सहयोगी सब फेल हो गए। पूरा एनडीए 59 सीटों पर सिमट गया। दोनों चुनावों का फर्क यह था कि 2014 में नीतीश अकेले लड़े थे तो 2015 में उन्होंने राजद और कांग्रेस से हाथ मिला लिया था।

नीतीश ने 2014 के चुनाव से सबक लिया कि अकेले नहीं लड़ना है तो भाजपा ने 2015 के नतीजे से सबक लिया कि बिना नीतीश के नहीं लड़ना है। भाजपा को समझ में आ गया कि नीतीश के बिना 2014 में मिली जीत एक बार की जीत थी, जिसे दोहराया नहीं जा सकता है। तभी उसके बाद नीतीश ने पाला बदला तब भी भाजपा ने उनसे दूरी नहीं बनाई। उनको 43 सीट मिली तब भी उनको मुख्यमंत्री बनाया और राजद के साथ जाकर वापस लौटे तब भी उनको सीएम बनाया। 2024 के चुनाव में नीतीश को लगभग बराबर सीटें देकर समझौता किया, जिसका लाभ भाजपा को मिला। इस पृष्ठभूमि में जब 2025 के विधानसभा चुनाव को देखते हैं तो सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि क्या नीतीश अब भी एनडीए की नाव पार लगा सकते हैं? इसके अलावा और भी कई सवाल हैं, जो नीतीश की पार्टी के भविष्य, चिराग पासवान के साथ नीतीश के संबंध और भाजपा व नीतीश के संबंधों से जुड़े हैं। सबसे पहले इस सवाल पर विचार की जरुरत है कि क्या नीतीश अब भी एनडीए को चुनाव जिताने में सक्षम हैं या उनकी वजह से एनडीए के लिए रास्ता मुश्किल हो गया है? बिहार में नीतीश कुमार का चेहरा अब भी एनडीए की सबसे बड़ी पूंजी है। लेकिन उस पूंजी का लगातार क्षरण हो रहा है। इसका मुख्य कारण नीतीश स्वंय हैं। उनकी सेहत को लेकर लगातार आ रही खबरें और सार्वजनिक कार्यक्रमों में उनके आचरण से उनके नेतृत्व करने की क्षमता पर सवाल उठ रहे हैं। बिहार के राजनीतिक रूप से सजग मतदाता यह देख रहे हैं कि पिछले 20 साल से बिहार का राजकाज चला रहे नीतीश अब शारीरिक और मानसिक रूप से थके हुए हैं, पहले की तरह सक्षम नहीं हैं और इसका असर सरकार के कामकाज पर पड़ रहा है। उनके बारे में बन रही इस धारणा ने बिहार के मतदाताओं को विकल्प पर विचार करने के लिए बाध्य किया है। ध्यान रहे इससे पहले बिहार के लोग विकल्प के बारे में सोचते भी नहीं थे। व्यापक मतदाता समूह नीतीश को मुख्यमंत्री बनाने के लिए आंख बंद करके वोट डालता था। लेकिन नीतीश की नेतृत्व और प्रशासन संभालने की क्षमता सवालों के घेरे में है।

नीतीश खुद इस बात से परिचित हैं और इसलिए वे चाहते थे कि समय से पहले चुनाव हो जाए। पिछले साल जनवरी में भाजपा के साथ वापस लौटने के बाद से वे लगातार विधानसभा चुनाव कराने के लिए दबाव बना रहे थे। लेकिन भाजपा इसे टालती रही है क्योंकि वह नीतीश के साथ शह मात का खेल खेल रही है। भाजपा को लग रहा है कि नीतीश कुमार अभी तक मोलभाव करने की स्थिति में हैं और अगर अभी चुनाव होता है तो उनकी पार्टी को ज्यादा सीटें देनी होंगी। अगर नीतीश की मानसिक व शारीरिक स्थिति और बिगड़ती है तो फिर उनकी पार्टी मोलभाव की स्थिति में नहीं रह जाएगी। यह भाजपा का दूर का दांव है, जो वह अपना मुख्यमंत्री बनाने की सोच में चल रही है। इसी सोच में अमित शाह ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री का फैसला चुनाव के बाद होगा। इसका मतलब है कि भाजपा नीतीश के नेतृत्व में तो लड़ेगी, लेकिन वे मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं होंगे। इसी तरह भाजपा ने मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान और महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे के साथ किया था। इसी की काट में नीतीश के बेटे निशांत कुमार को लॉन्च किया जा रहा है। उनके रूप में जदयू को एक नेता मिल सकता है लेकिन इससे एनडीए के अंदर का अंतर्विरोध बढ़ जाएगा। बहरहाल, एक तरफ नीतीश कुमार की सेहत और उनके 20 साल के शासन की एंटी इन्कम्बैंसी है तो दूसरी ओर भाजपा का यह दांव है कि नीतीश को सीएम चेहरा नहीं घोषित करना है। ध्यान रहे नीतीश पिछले 30 साल से सीएम प्रोजेक्ट होकर ही लड़ रहे हैं। पहली बार ऐसा हो रहा है कि उनको सीएम का चेहरा बना कर चुनाव नहीं लड़ा जाएगा। इस वजह से भी बिहार के मतदाता विकल्प के बारे में सोच रहे हैं। एनडीए के लिए इसी वजह से स्थिति विकट हो रही है कि उसके पास कोई विकल्प नहीं है। नीतीश कुमार ने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में अपना कोई उत्तराधिकारी या कोई विकल्प नहीं बनाया। इसी तरह भाजपा ने बिहार में कोई चेहरा तैयार नहीं किया। पिछले 30 साल में जो एक चेहरा बना था वह सुशील मोदी का था, जिनका निधन हो गया है। नरेंद्र मोदी और अमित शाह के भाजपा की कमान संभालने के बाद नित्यानंद राय से लेकर संजय जायसवाल और रेणु देवी से लेकर तारकिशोर प्रसाद तक का प्रयोग हुआ और अब सम्राट चौधरी पर आकर प्रयोग रूका है। फिर भी भाजपा ने सम्राट चौधरी को बिहार की एकछत्र बागडोर नहीं सौंपी। अगर सौंपी गई होती तो वे नीतीश का विकल्प बन सकते थे। वे उसी लव कुश समीकरण का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसके नेता नीतीश हैं। इसके अलावा नीतीश ने महिला, अति पिछड़ा, महादलित, पासवान और सवर्ण मतदाता अपने साथ जोड़ा था, जो सम्राट चौधरी के साथ भी जुड़ा रह सकता है। परंतु यह तब होता, जब यह संदेश बनता कि चुनाव के बाद सम्राट मुख्यमंत्री होंगे। अब स्थिति यह है कि नीतीश मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं होंगे

## -:: आज का राशिफल ::-




मेष राशि: आज आपका दिन नॉर्मल रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स का आज का दिन पढ़ाई में मन लगा रहेगा। दोस्तों के साथ आज बाहर जाने का प्लान बनेगा। आज परिवार से संबंधित लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय सकारात्मक रहेंगे।

वृष राशि: आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। पहले की अपेक्षा आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। इस राशि के आर्किटेक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छे सौगात लेकर आया हैं, आज आपके कामों की तारीफ हो सकती हैं।

मिथुन राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज मीडिया और मार्केटिंग संबंधी व्यवसाय से नई-नई जानकारियां मिलेंगी। जिससे आपकी कार्यप्रणाली में भी गति आएगी। महिलाएं अपने काम को लेकर उत्साहित रहेंगी।

कर्क राशि: आज आपका दिन आपके जीवन में नया बदलाव लेकर आयेगा। घर वालों का भरपूर प्यार आपको मिलेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाऐंगे। इस राशि के जो लोग किसी दूसरे राज्य में व्यापार की शुरुआत करना चाहते हैं

सिंह राशि: आज अपने दिन की शुरुआत नए उमंगों के साथ करेंगे। आज जिस काम को पूरा करने की ठान लेंगे, उसे पूरा करके ही दम लेंगे। आपकी सकारात्मक संतुलित सोच द्वारा योजनाबद्ध तरीके से दिनचर्या बीतेगी, जिससे आपका उत्साह और मनोबल बना रहेगा।

कन्या राशि: आज आपका दिन रचनात्मक कार्यों में लगा रहेगा। आज पिछले कुछ समय से जिस काम के लिए प्रयास कर रहे थे, आज उससे संबंधित खुशखबरी मिल सकती हैं।

तुला राशि: आज आपका दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आएगा। आज आप उन चीजों को ज्यादा महत्व देंगे जो आपके लिए इम्पोर्टेन्ट हैं। साथ ही आपको काम, परिवार और दोस्तों के बीच संतुलन बना कर रखना चाहिए,

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन सामान्य रहेगा। पारिवारिक व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के लिए बाहरी व्यक्तियों का अपने घर के मामले में हस्तक्षेप ना होने दें।

धनु राशि: आज आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। आज आप आर्थिक स्थिति को देखते हुए भविष्य की प्लानिंग बना सकते हैं। आपकी मेहनत का अच्छा परिणाम जल्द ही मिलेगा।

मकर राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज कार्यस्थल पर अपनी उपस्थिति और फोकस रखना जरूरी है। इससे व्यवसाय में आपकी मेहनत के बेहतर परिणाम सामने आएंगे।

कुंभ राशि: आज आपका ध्यान धार्मिक कार्यों में लगा रहेगा। शाम को आप किसी सामारोह में जायेंगे जिसमें आपकी मुलाकात किसी खास व्यक्ति से होगी।

मीन राशि: आज का दिन पहले की अपेक्षा ज्यादा लाभ दिलाने वाला रहेगा। आज आपको अपनी मेहनत पर भरोसा करके काम करना चाहिए आपके काम सफल होंगे।



सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के प्रतिनिधिमंडल के मणिपुर दौरे का स्वागत करते हुए कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने पूछा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य का दौरा कब करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मणिपुर का दौरा करने गए छह न्यायाधीशों का स्वागत करती है। समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले 22 महीनों में सैकड़ों लोग मारे गए हैं, करीब 60,000 लोग विस्थापित हुए हैं और आश्रय गृहों और राहत शिविरों में रह रहे हैं। 13 फरवरी को राष्ट्रपति शासन लागू हो गया, लेकिन सवाल उठता है।



# 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद हो जाएगा समाप्त - अमित शाह

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का कहना है कि 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद समाप्त हो जाएगा। उन्होंने राज्यसभा में कहा, मैं देश को बताना चाहता हूं कि 31 मार्च 2026 तक इस देश से नक्सलवाद समाप्त हो जाएगा। नक्सलवादियों ने समानांतर सरकारें बनाई, समानांतर सरकारें चलाईं। नक्सलवाद को समाप्त करने के पीछे नरेंद्र मोदी सरकार का 10 साल का विजन है।

गृह मंत्री शुक्रवार को राज्यसभा में गृह मंत्रालय के कामकाज पर हुई चर्चा का जवाब दे रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमने नवीनतम टेक्नोलॉजी के साथ नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई की है। इनके हर प्रकार के कम्युनिकेशन और आवाजाही का रेखांकन किया। ड्रोन और सैटेलाइट सर्विलांस किया। डाटा एनालिसिस करके अपने सुरक्षा बलों को लैस किया, जिसके आधार पर सुरक्षा बलों को कामयाबी मिली।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन के मुकाबले अभी नक्सलवाद से जुड़ी हिंसक घटनाएं और सुरक्षाबलों के मारे जाने की संख्या में काफी कमी आई है। कांग्रेस शासनकाल में 126 जिले नक्सलवाद से प्रभावित थे। अब ऐसे केवल 12 जिले बचे हैं। अगले वर्ष 31 मार्च तक ये जिले भी नक्सलवाद से मुक्त हो जाएंगे। पहले नक्सल प्रभावित जिलों में एक भी नाइट लैंडिंग हेलीपैड नहीं थे। सुरक्षा बलों को मजबूती प्रदान करने के लिए ऐसे 68 नाइट लैंडिंग हेलीपैड बनाए गए हैं। नक्सलियों के कई करोड़ रुपए जब्त किए गए हैं। हमने इन इलाकों में विकास के लिए बजट को 300 प्रतिशत तक बढ़ाने का काम किया है। हाईवे बनाए और ग्रामीण सड़कें बनाई हैं। मोबाइल टावर लगाए हैं। पूरा नक्सल एरिया अब मोबाइल कनेक्टिविटी से लैस है।

उन्होंने जम्मू-कश्मीर में आए परिवर्तन के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन में 33 सालों से वहां रात को सिनेमा हॉल नहीं खुलते थे, हमारे शासन में वहां खुले हैं। 34 साल से ताजिया के जुलूस की इजाजत नहीं थी, हमारे शासन में दी गई। जी-20 की बैठक में दुनिया भर के डिप्लोमेट्स वहां शांति से गए। कश्मीर की संस्कृति, खूबसूरती, भोजन और संगीत का अनुभव करके अपने देश लौटे हैं। इस देश में लाल चौक पर तिरंगा फहराने के लिए हम सब गए थे। प्रधानमंत्री और हमारे तत्कालीन अध्यक्ष मुरली मनोहर जोशी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर यात्रा निकाली थी। हमें लाल चौक जाने की परमिशन नहीं मिल रही थी। जब जिद की तो सेना की सुरक्षा में वहां जाकर आनन-फानन में ध्वज वंदन करके वापस आना पड़ा। आज उसी लाल चौक पर %हर घर तिरंगा कार्यक्रम% में एक भी घर ऐसा नहीं था, जहां तिरंगा न हो।

उन्होंने आगे कहा कि श्रीनगर में फॉर्मूला-4 रेसिंग कार का आयोजन हुआ। उसी लाल चौक पर कृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। मां शारदा देवी के मंदिर में दशकों के बाद दीपावली और सरस्वती पूजन हुआ। खीर भवानी का अष्टमी महोत्सव 22 साल बाद मनाया गया। इसके अलावा केंद्रीय गृह मंत्री ने बताया कि गांवों से सुविधाओं के लिए पलायन हो रहा है। जिस देश के बॉर्डर के गांव खाली हो जाते हैं, उस देश के बॉर्डर कभी सुरक्षित नहीं रह सकते, इसलिए एक नई अप्रोच के साथ पहले जिसे देश का अंतिम गांव कहा जाता था, अब उसे देश का पहला गांव कहा जाता है। मैं दावे से कहता हूं कि सुविधाओं की दृष्टि से भी यह गांव अगले 10 वर्ष में देश के प्रथम गांव होंगे। इसके लिए वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम लाया गया है।



## मुख्यमंत्री फडणवीस 17 मार्च की हिंसा के बाद पहली बार नागपुर पहुंचे

महाराष्ट्र -महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस विदर्भ के सबसे बड़े शहर नागपुर में 17 मार्च को हुई हिंसा के बाद पहली बार शुक्रवार देर शाम यहां पहुंचे। नागपुर के कई हिस्सों में 17 मार्च को पथराव और आगजनी की खबरें आईं।

यह हिंसा छत्रपति संभाजी नगर स्थित मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन के दौरान धार्मिक लेख वाली 'चादर' जलाने की अफवाह के बाद हुई। एक अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री नागपुर में रात्रि विश्राम करेंगे और उनका कोई सार्वजनिक कार्यक्रम नहीं है। सूत्रों ने बताया कि वह शनिवार को मीडिया से मिल सकते हैं और शहर के दंगा प्रभावित इलाकों का दौरा कर सकते हैं। इससे पहले दिन में मुख्यमंत्री ने कहा था कि नागपुर हिंसा के दिन सोशल मीडिया पोस्ट पर अधिक प्रभावी तरीके से नजर रखी जानी चाहिए थी, क्योंकि इससे पुलिस को यह पता लगाने में मदद मिलती कि क्या योजना बनाई जा रही थी। हालांकि, उन्होंने इस बात से इनकार किया




दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी ने महिला सम्मान योजना के क्रियान्वयन न होने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

## सीएम नीतीश कुमार पर राष्ट्रगान के कथित अपमान का आरोप, राजद ने मांगा इस्तीफा

पटना (आरएनएस)। बिहार में मुख्यमंत्री द्वारा राष्ट्रगान के कथित अपमान को लेकर बवाल मचा है। सड़क से लेकर सदन तक विपक्षी नेताओं ने इसे मुद्दा बनाते हुए सीएम से माफी मांगने को कहा। इसे लेकर बिहार विधान सभा के दोनों सदनों में जमकर विपक्ष द्वारा प्रदर्शन किया गया। विपक्ष के प्रदर्शन को देखते हुए दोनों सदनों को दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर कहा कि उन्होंने कल खेल मैदान में राष्ट्रगान के समय जो हरकत की है, उससे देश का अपमान हुआ है। इस पर सरकार को जवाब देना चाहिए।

वहीं, विधान परिषद में पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने भी इसे लेकर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि कल मुख्यमंत्री का राष्ट्रगान के समय एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री जिस तरह से हाथों को हिला रहे हैं, यह राष्ट्रगान का अपमान है।

राबड़ी देवी ने कहा, सरकार को सदन में और देश के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना चाहिए।

उन्होंने कहा, राष्ट्रगान का अपमान पूरे देश का अपमान है। आज पूरी दुनिया देख रही है कि नीतीश कुमार ने कैसे राष्ट्रगान का अपमान किया है। हम इस मुद्दे को पूरे जोर-शोर से उठाएंगे।

राबड़ी देवी ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर कई सवाल उठाए। उन्होंने कहा, सदन के अंदर विपक्ष को सत्ता पक्ष के लोग बोलने नहीं देते हैं और सरकार भी नहीं मान रही है कि सदन के अंदर विपक्ष है। बिहार में इतनी घटनाएं घट रही हैं, हत्या हो रही है, अपहरण हो रहा है, लूट हो रही है, रेप की घटनाएं हो रही हैं, दलित बच्चियों के साथ रेप हो रहा है। सदन के अंदर जब हम लोग सवाल उठाते हैं तो सत्ता पक्ष द्वारा सवाल को उठाने नहीं दिया जाता है।

वहीं, राजद एमएलसी सुनील कुमार सिंह ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। अगर हमारे राष्ट्रगान का कोई अपमान करता है, तो उसके ऊपर कार्रवाई होनी चाहिए। चाहे वह किसी भी पद पर विराजमान क्यों न हो। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार को सोचना चाहिए कि अब उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। राजद नेता ने नीतीश कुमार को %मानसिक स्थिति ठीक नहीं% का हवाला देते हुए उनसे उनके इस्तीफे की मांग की है। इस दौरान विपक्षी दल के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की।

**राष्ट्रगान के दौरान सीएम नीतीश कुमार की हरकतों से बिहार शर्मसार हो रहा : रणविजय साहू**

पटना (आरएनएस)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में राष्ट्रगान के दौरान सीएम साथ खड़े अधिकारी से बात करते और हंसते दिख रहे हैं। इस घटना के बाद राजद विधायक रणविजय साहू ने उन पर कटाक्ष किया है। राष्ट्रगान के दौरान सीएम नीतीश कुमार के व्यवहार पर राजद विधायक रणविजय साहू ने आईएएनएस से

## एनसीआर में धीरे-धीरे शुरू होगा गर्मी का असर, अधिकतम और न्यूनतम तापमान में भी होगी वृद्धि

नोएडा (आरएनएस)। एनसीआर में मौसम फिलहाल सामान्य है और लोगों को ज्यादा तेज गर्मी का सामना नहीं करना पड़ रहा है, लेकिन इस हफ्ते धीरे-धीरे मौसम गर्मी की तरफ बढ़ेगा और अधिकतम व न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले हफ्तों में भी तेजी से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा और लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग ने यह भी अनुमान लगाया है कि इस बार गर्मी के मौसम में भयंकर हीट स्ट्रोक का सामना एनसीआर के लोगों को करना पड़ सकता है। 27 मार्च तक अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री तक पहुंचने की आशंका बनी हुई है। मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक 21 मार्च को आसमान पूरी तरह से खुला रहेगा और अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री रहने की उम्मीद है। 22 मार्च को मौसम विभाग के मुताबिक अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16 डिग्री रहने की उम्मीद है। 23 मार्च को अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम तापमान 15 डिग्री पहुंचने की आशंका जताई गई है। इसके पीछे का कारण एनसीआर में चल रही तेज हवाओं का असर बताया जा रहा है।



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने हाल ही में उन लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का वादा किया है जो मुस्लिम समुदाय को डराने या राज्य में सांप्रदायिक विवाद पैदा करने का प्रयास करते हैं।

## दिल्ली में प्रदूषण कम करने में भाजपा सफल, 'आप' पर सिरसा का हमला

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। दिल्ली सरकार में मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने शुक्रवार को दावा किया कि भाजपा सरकार बनने के बाद से दिल्ली में प्रदूषण कम करने के लिए लगातार काम हो रहा है और इसमें सफलता भी मिल रही है।

सिरसा ने कहा कि हवा की गुणवत्ता में सुधार हो रहा है और कई दिन साफ रहे हैं। उन्होंने पिछले तीन साल के रिकॉर्ड तोड़ने का दावा करते हुए आम आदमी पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए। सिरसा ने कहा कि 'आप' इस सफलता से परेशान है और जानबूझकर दिल्ली की हवा को खराब करने की कोशिश कर रही है।

सिरसा ने 'आप' पर सनसनीखेज आरोप लगाते हुए कहा कि 'आप' कार्यकर्ता पार्कों में कूड़ा इकट्ठा करके आग लगा रहे हैं, ताकि हवा गंदी हो और भाजपा की छवि खराब हो। उन्होंने इसकी एक वीडियो भी शेयर की, जिसमें राजौरी गार्डन के बिंद्रा पार्क के बाहर आग लगाई गई थी।

सिरसा ने कहा, मुझे दुख है कि आप इस हद तक गिर गई है कि वह दिल्ली को बदनाम करने के लिए ऐसे हथकंडे अपना रही है।

## पंजाब: अजनाला थाने पर हमला करने वाले सांसद अमृतपाल सिंह के 7 साथी कोर्ट में पेश, पुलिस को मिली चार दिन की रिमांड

अमृतसर (आरएनएस)। असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद सांसद अमृतपाल सिंह के सात साथियों को अजनाला थाने पर हुए हमले से संबंधित मामले में अजनाला अदालत में पेश किया गया। इन सात आरोपियों पर अजनाला थाने में दर्ज 39 नंबर एफआईआर के तहत आरोप हैं। अदालत में पेशी के बाद पुलिस ने इन आरोपियों के 7 दिन के पुलिस रिमांड की मांग की, लेकिन अदालत ने 4 दिन की रिमांड दी। अब पुलिस इन आरोपियों से पूछताछ करेगी, जिसमें उनके मोबाइल फोन की बरामदगी और हथियारों सहित अन्य जरूरी सामान के बारे में जानकारी प्राप्त की जाएगी। अमृतपाल के जिन साथियों को अदालत में पेश किया गया, उनमें बसंत सिंह, भगवंत सिंह बाजेखाना, गुरमीत सिंह बुक्कनवाला, सरबजीत सिंह कलसी, रणजीत सिंह कलसी, गुरिंदर पाल सिंह गुरी औजला, और हरजीत सिंह उर्फ चाचा के नाम शामिल हैं। यह मामला तब सामने आया था, जब अमृतपाल सिंह के नेतृत्व में करीब 200-250 हथियारों से लैस समर्थकों की भीड़ ने 23 फरवरी 2023 को अजनाला थाने पर हमला किया। इस हमले का मकसद लवप्रीत सिंह तूफान को पुलिस की हिरासत से छुड़ाना था। पुलिस ने भीड़ को रोकने के लिए बैरीकेड लगाए थे, लेकिन अमृतपाल के समर्थक उन्हें तोड़कर थाने के अंदर घुस गए और अपने साथी को छुड़ा लिया। इस दौरान छह पुलिसकर्मी भी घायल हो गए थे। इस घटना के बाद से अमृतपाल सिंह पुलिस की रडार पर था और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## तिरुमाला मंदिर में केवल हिंदुओं को ही काम पर रखा जाए: चंद्रबाबू नायडू

अमरावती (आरएनएस)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने आज एक अहम बयान में कहा कि तिरुमाला मंदिर में केवल हिंदुओं को ही काम पर रखा जाना चाहिए, अगर दूसरे धर्मों के लोग वहां काम कर रहे हैं, तो उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचाए बिना उन्हें दूसरे स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम इस उद्देश्य के लिए सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र भेजेंगे। दरअसल मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू वहां पहुंचे हुए थे। उन्होंने कहा कि भगवान वेंकटेश्वर की संपत्ति की सुरक्षा के लिए एक पवित्र धागा बांधा गया है। उन्होंने कहा कि विदेशों में बसे हिंदू भी चाहते हैं कि वहां भगवान वेंकटेश्वर के मंदिर बनाए जाएं। इसलिए दुनिया भर में जहां भी हिंदू समुदाय की बड़ी संख्या है वहां वेंकटेश्वर मंदिर स्थापित किए जाएंगे। तिरुमाला की सात पहाड़ियों के पास व्यावसायिक गतिविधियों के बारे में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि इस क्षेत्र से सटे मुमताज होटल के लिए पहले अनुमति दी गई थी।



कश्मीर में आंगनवाड़ी कर्मियों ने आज प्रदर्शन कर अपनी सैलरी बढ़ाने की मांग की। आंगनवाड़ी कर्मियों का कहना था कि हमारे से इतना काम कराया जाता है और सिर्फ 5000 रुपए महीना पगार दी जाती है।



कई कन्नड़ समर्थक समूहों ने बेलगावी में एक बस कंडक्टर पर कथित हमले के विरोध में शनिवार, 22 मार्च को सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक 12 घंटे के लिए कर्नाटक में बंद का आह्वान किया है।

## सौरभ हत्याकांड के बाद एक और सनसनीखेज वारदात, बेडरूम में मिला पत्नी का शव; एक ही कमरे में थे पति और बीएफ

झांसी (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मेरठ के सौरभ हत्याकांड के बाद झांसी में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां एक पूर्व मंत्री के भाई की बहू की लाश उनके बेडरूम में मिली है। पुलिस ने इस मामले में महिला के पति और उसके कथित प्रेमी को हिरासत में ले लिया है। यह घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के लक्ष्मी गेट बाहर मोहल्ले में हुई। यहां पूर्व मंत्री रतनलाल अहिरवार के भाई तुलसीदास के बेटे रविंद्र अहिरवार अपनी 36 वर्षीय पत्नी संगीता और तीन बच्चों के साथ रहते थे।

पुलिस के अनुसार, उन्हें किराएदार से सूचना मिली कि घर के अंदर कुछ गड़बड़ है। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो बेडरूम का दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा तोड़ने पर अंदर बेड पर संगीता का शव पड़ा मिला, जबकि उसके बगल में उसका कथित प्रेमी रोहित वाल्मीकि सोया हुआ था। संगीता का पति रविंद्र कमरे में ही एक सोफे पर पड़ा था। पुलिस ने तत्काल दोनों को हिरासत में ले लिया।

पुलिस ने बताया कि संगीता के चेहरे, गर्दन और शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि गुरुवार रात को संगीता, उसके पति रविंद्र और रोहित वाल्मीकि ने बेडरूम में शराब पार्टी की थी। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हुआ और संगीता की हत्या कर दी गई।

मृतका की बड़ी बेटी एंजल (12 वर्ष) ने पुलिस को बताया कि गुरुवार रात करीब 9 बजे रोहित वाल्मीकि शराब लेकर घर आया था। उसकी मां संगीता, रोहित और पिता रविंद्र बेडरूम में चले गए और दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। तीनों बच्चों को ऊपर रहने वाली किराएदार महिला के पास भेज दिया गया था। एंजल ने बताया कि अंदर काफी देर तक शराब पार्टी चलती रही।

एंजल ने आगे बताया कि करीब एक घंटे बाद जब बच्चे नीचे आए और दूसरे कमरे में चले गए, तो उन्होंने बेडरूम के अंदर से मारपीट की आवाजें सुनीं। एंजल ने बताया कि उसकी मां जोर-जोर से चिल्ला रही थी। जब उसने बेडरूम का दरवाजा खटखटाया तो रोहित ने थोड़ा सा दरवाजा खोलकर उसे 100 रुपये दिए और बाहर से कुछ लाने के लिए कहा। इसके बाद रोहित ने दरवाजा बंद कर लिया और फिर से उसकी मां को पीटने लगा। एंजल ने तुरंत मकान की दूसरी मंजिल पर रहने वाली किराएदार शकुंतला को इसकी जानकारी दी। शकुंतला ने दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन दरवाजा नहीं खुला।



आमिर खान ने हाल ही में गौरी स्प्रैट के साथ अपने रिश्ते का खुलासा किया था। अब उनकी बहन निखत खान हेगड़े ने इस मुद्दे पर परिवार की प्रतिक्रिया के बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने साफ कहा कि हम आमिर के लिए और गौरी के लिए भी बहुत खुश हैं क्योंकि वह बहुत अच्छे इंसान हैं। आपको बता दें, अपने 60वें जन्मदिन से पहले 14 मार्च को मीडियाकर्मियों से मिलते हुए आमिर ने घोषणा की थी कि वह और गौरी डेढ़ साल से डेट कर रहे हैं।

# अल्लू अर्जुन सर और एनटीआर सर ने आय में मेरे अभिनय की सराहना की: नयन सारिका

नयन सारिका फिलहाल आय की सफ़लता का लुत्फ़ उठा रही हैं। वह इस बात से रोमांचित हैं कि उनकी भूमिका पल्लवी ने दर्शकों को प्रभावित किया है। अभिनेत्री ने तेलुगु दर्शकों के प्रति अपना प्यार बरसाने के लिए आभार व्यक्त किया। तेलुगु दर्शकों द्वारा इतना प्यार बरसाना देखकर बहुत अच्छा लगा। मैं उनकी बहुत आभारी हूँ और टॉलीवुड में इससे बेहतर शुरुआत की उम्मीद नहीं कर सकती। यह सफ़लता एक सामूहिक प्रयास का नतीजा है, यह मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से बहुत मायने रखती है। नयन सारिका ने कहा मैं प्रतिष्ठित गीता आर्ट्स और निर्देशक अंजी सर को फ़िल्म का हिस्सा बनने का अवसर देने के लिए धन्यवाद देना चाहती हूँ.



नयन हमेशा से ही अभिनेत्री बनना चाहती थीं; वह अपने स्कूल और कॉलेज के दौरान नाटकों में सक्रिय थीं। जब उन्हें आय में भूमिका के लिए संपर्क किया गया, तो वह अभिनेत्री बनने के अपने सपने को पूरा करने के लिए उत्साहित थीं। अभिनेत्री ने कहा, नार्ने नितिन और मैंने तैयारी के हिस्से के रूप में शूटिंग से पहले कुछ कार्यशालाएँ और अभ्यास किए हैं। मैंने अपनी तेलुगु के लिए भी प्रशिक्षण प्राप्त किया है, और मेरे कर्मचारियों ने भी मेरी पंक्तियों को सही ढंग से बोलने में मेरी मदद की है। बहुत कम उम्र में अपना करियर शुरू करने वाली नयन अपनी शिक्षा से समझौता नहीं करना चाहती थीं। उन्होंने हमेशा अपनी डिग्री समय पर पूरी करने को प्राथमिकता दी। वास्तव में, उन्होंने आय की शूटिंग के साथ-साथ अपनी अंतिम परीक्षाएँ भी दी। मैं फ़िल्म सेट पर किताबें और अध्ययन सामग्री ले जाती थी। जब मैं आय की शूटिंग कर रही थी, तब मैं अपने अंतिम वर्ष की परीक्षाएँ दे रही थी, इसलिए मैंने एक कारवां में पढ़ाई की, पढ़ाई और फ़िल्मों के बीच संतुलन बनाना वाकई चुनौतीपूर्ण था, वह याद करती हैं।

आय की सफलता के एक हिस्से के रूप में, नयन (फिल्म की टीम के साथ) हाल ही में सुपरस्टार अल्लू अर्जुन और जूनियर एनटीआर से मिले। दोनों सितारों ने सफलता पर टीम को बधाई दी, और उनकी तारीफ भी की। जूनियर एनटीआर सर ने कहा कि मैंने अपने किरदार को सहजता से निभाया, और अल्लू अर्जुन सर ने कहा कि उन्हें यह जानकर आश्चर्य हुआ कि मैं दक्षिण भारतीय नहीं हूँ। अल्लू अरविंद सर ने भी कहा कि मेरी आँखें अभिव्यंजक हैं।

### स्त्री 2 रचने वाली है नया कीर्तिमान, 600 करोड़ का आंकड़ा पार कुछ ही करोड़ रह गई दूर

हर गुजरते हफ्ते के साथ, श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव स्टारर और अमर कौशिक द्वारा निर्देशित हॉरर कॉमेडी फिल्म 'स्त्री 2' बॉक्स ऑफिस पर एक नया बेंचमार्क सेट कर रही है, जिसे तोड़ना भविष्य की फिल्मों के लिए बेहद मुश्किल होगा. ये फिल्म पहले से ही हिंदी सिनेमा में शाहरुख खान की जवान को भी मात देकर सबसे बड़ी फिल्म चुकी है. वहीं अब 'स्त्री 2' ने एक और कमाल कर दिखाया है. 2018 की हिट फिल्म 'स्त्री ' की सीक्वल ने बॉक्स ऑफिस पर अपना 5वां हफ्ता भी पूरा कर लिया है, और पिछले 7 दिनों में 24.65 करोड़ रुपये की कमाई की है, जिसमें वीकेंड में इसने लगभग 15.5 करोड़ रुपये आए कमाए थे. और इस नंबर के साथ, फिल्म ने एसएस राजामौली और प्रभास की 'बाहुबली 2- द कन्क्लूजन' के पिछले 7 सालों के रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया है.


# अनन्या पांडे ने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान शेयर किया हॉट लुक, फोटोज देख बेकाबू हुए फैंस

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे आए दिन अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनका स्टनिंग अंदाज इंस्टाग्राम पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। वो जब भी अपनी फोटोज सोशल मीडिया पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक पर अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देने लगते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की बेहद ही शानदार फोटोज शेयर की हैं, जिसमें वो किलर पोज दे रही हैं।

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे आए दिन अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनका बोल्ड लुक इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना लुक देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।

एक्ट्रेस अनन्या पांडे जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर प्रतिक्रियाएं देते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।



इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने व्हाइट कलर का टॉप और साथ ही स्किन फिट पेंट पहनी हुई है।

खुले बाल और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक फैंस के दिलों पर खंजर चला रहा है।

बता दें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी तगड़ी है।

## अद्वय की पैन इंडिया फिल्म सुब्रह्मण्यम का फर्स्ट लुक पोस्टर आउट

कन्नड़ सुपरस्टार डॉ. शिव राजकुमार ने आगामी पैन इंडिया फिल्म सुब्रह्मण्य में मुख्य अभिनेता अद्वय का ध्यान आकर्षित करने वाला पहला लुक लॉन्च किया है। पी. रविशंकर द्वारा निर्देशित, सामाजिक-काल्पनिक साहसिक फिल्म का निर्माण थिरुमल रेड्डी और अनिल कडियाला ने एसजी मूवी क्रिएशन के बैनर तले किया है। विनायक चतुर्थी के अवसर पर अनावरण किए गए फिल्म के पहले पोस्टर में अद्वय को मुख्य भूमिका में दिखाया गया है, जो विशेष रूप से डिज़ाइन की गई पोशाक पहने हुए हैं और अपनी तीव्रता दिखा रहे हैं।

60त्न निर्माण पूरा हो जाने के बाद, मुंबई के रेड चिलीज़ स्टूडियो में पोस्ट-प्रोडक्शन का काम चल रहा है, मुंबई, हैदराबाद, बैंगलोर और चेन्नई के प्रमुख स्टूडियो में वीएफएक्स और सीजीआई का काम चल रहा है। फिल्म में बेहतरीन तकनीकी विशेषज्ञता है, जिसमें रवि बसरूर का संगीत, विग्नेश राज की सिनेमैटोग्राफी, विजय एम कुमार का संपादन और उल्लास हैदराबाद का प्रोडक्शन डिज़ाइन शामिल है। सुब्रह्मण्य तेलुगु, कन्नड़, तमिल, मलयालम और हिंदी में पूरे भारत में रिलीज़ के लिए तैयार है। फिल्म के कलाकार और क्रू इस प्रोजेक्ट को लेकर उत्साहित हैं, जिसमें अद्वय हीरो के तौर पर अपनी शुरुआत कर रहे हैं। लोकप्रिय अभिनेता और डबिंग आर्टिस्ट पी. रविशंकर इस फिल्म के साथ अपने बेटे अद्वय को हीरो के तौर पर पेश कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म का प्री-लुक रिलीज़ किया गया, जिसे शानदार प्रतिक्रिया मिली, जिससे प्रोजेक्ट के बारे में चर्चा शुरू हो गई। सुब्रह्मण्य एक रोमांचक सामाजिक-काल्पनिक एडवेंचर फिल्म होने का वादा करता है, जिसमें प्रतिभाशाली कलाकार और क्रू इस पूरे भारत में प्रोजेक्ट को जीवंत करने के लिए एक साथ काम कर रहे हैं। अपनी बेहतरीन तकनीकी विशेषज्ञता और ध्यान खींचने वाले फर्स्ट लुक पोस्टर के साथ यह फिल्म पूरे भारत में दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार है।

# वेट्टैयन का पहला गाना जारी, डांस नंबर मनासिलायो में जोश में थिरकते दिखे रजनीकांत-मंजू वारियर

सुपरस्टार रजनीकांत की वेट्टैयन इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म के लिए सुपरस्टार ने निर्देशक टीजे ज्ञानवेल के साथ हाथ मिलाया है। हाल ही में निर्माताओं ने वेट्टैयन का नया पोस्टर साझा करते हुए फिल्म के पहले गाने को रिलीज करने का खुलासा किया था। साथ ही गाने की रिलीज डेट से भी पर्दा उठाया था। वहीं, बीते दिन निर्माताओं ने पहले गाने का टीजर जारी किया है। आखिरकार अब फिल्म से निर्माताओं ने पहला गाना जारी कर दिया है।

रजनीकांत की आगामी वेट्टैयन के पहले गीत मनासिलायो की एक झलक के साथ प्रशंसकों का उत्साह बढ़ाने के बाद निर्माताओं ने आखिरकार पूरा ट्रैक जारी कर दिया है। अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा रचित इस अपबीट डांस नंबर में दिवंगत भारतीय पार्श्व गायक मलेशिया वासुदेवन की एआई आवाज है।

मनासिलायो एक डांस नंबर है। गाने के वीडियो में रजनीकांत, मंजू वारियर और अनिरुद्ध रविचंदर जोश से नाचते हुए नजर आ रहे हैं। उत्सव के माहौल में सेट किए गए इस गाने का शीर्षक मनासिलायो रजनीकांत की पिछली ब्लॉकबस्टर फिल्म जेलर में उनके प्रतिष्ठित संवाद से लिया गया है। अनिरुद्ध ने इंस्टाग्राम पर मनासिलायो की रिलीज की घोषणा करते हुए एक मोंटाज शेयर किया। उन्होंने निर्माताओं और दिवंगत गायक के प्रति आभार व्यक्त किया।

गाने में दिवंगत गायक मलेशिया वासुदेवन की आवाज का इस्तेमाल 27 वर्षों में पहली बार है कि किसी गायक की आवाज का इस्तेमाल रजनीकांत की फिल्म के लिए किया जाएगा। मनसिलायो को युगेंद्रन वासुदेवन, अनिरुद्ध रविचंदे और दीप्ति सुरेश ने गाया है। मनासिलायो को युगेंद्रन वासुदेवन, अनिरुद्ध रविचंदे और दीप्ति सुरेश ने गाया है। वेट्टैयन का निर्देशन जय भीम फेम फिल्म निर्माता टीजे ज्ञानवेल ने किया है, जो रजनीकांत के साथ उनका पहला सहयोग है। फिल्म लाइका प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित है और इसमें अनिरुद्ध रविचंदर का संगीत है। वेट्टैयन कई दिग्गज सितारों से सजी फिल्म होगी, जिसमें विभिन्न उद्योगों के कलाकार शामिल होंगे। रजनीकांत और राणा दग्गुबाती के अलावा, वेट्टैयन में अभिनेता अमिताभ बच्चन, फहद फाजिल, राणा दग्गुबाती, मंजू वारियर, दुशारा विजयन, रितिका सिंह, जीएम सुंदर, रोहिणी, राव रमेश, रमेश थिलक, रक्षण और अन्य शामिल हैं। यह फिल्म 10 अक्तूबर, 2024 को सिनेमाघरों में धमाल मचाने के लिए तैयार है।

### सनी सिंह की नई फिल्म अमर प्रेम की प्रेम कहानी का हुआ ऐलान, पहला पोस्टर जारी

सनी सिंह को आखिरी बार फिल्म वाइल्ड वाइल्ड पंजाब में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई।इस फिल्म में वरुण शर्मा, जस्सी गिल और मनजोत सिंह जैसे सितारे भी नजर आएंगे। यह फिल्म 10 जुलाई, 2024 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी।अब सनी ने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम अमर प्रेम की प्रेम कहानी है।इस फिल्म में सनी के साथ अभिनेता आदित्य सील भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

अमर प्रेम की प्रेम कहानी का पहला पोस्टर भी सामने आ गया है, जिसमें सनी और आदित्य की झलक दिख रही है। पोस्टर में न केवल आदित्य सील और सनी सिंह के बीच की केमिस्ट्री दिखाई गई है, बल्कि यह भावनात्मक रूप से चार्ज की गई कहानी के लिए टोन भी सेट करता है। कैप्शन में लिखा है, जोड़ी इनकी है निराली, अमर और प्रेम अपनी कहानी लेकर आ गए हैं

# अगर आप भी रोजाना लगाती हैं लिपस्टिक, तो आज ही जानें इसके नुकसान

इन दिनों स्कूल से लेकर ऑफिस जाने वाली हर महिला लिपस्टिक का इस्तेमाल करती है. लिपस्टिक में अलग अलग रंग मौजूद होते है. वहीं काफी सारी लड़कियां तो लिपस्टिक का इस्तेमाल अपने कपड़े के रंग के साथ मैच करती है. इन दिनों लड़कियां बिना लिपस्टिक के तो घर से बाहर जाने के बारे में सोच ही नहीं सकती है. वहीं काफी सारी महिलाओं का पहला प्यार लिपस्टिक होती है. लेकिन क्या आप जानते है कि अगर आप रोजाना लिपस्टिक का इस्तेमाल करती है, तो ये आपके लिए कितना ज्यादा खतरनाक साबित हो सकता है. आइए आपको इसके नुकसान के बारे में बताते है.



होंठों का नेचुरल रंग खराब

हमेशा लिपस्टिक लगाए रखने से होंठों का जो नेचुरल रंग होत है वो काफी ज्यादा प्रभावित होता है. इसका जो कारण है वो है लिपस्टिक में अलग अलग टाइप के केमिकल्स होते हैं. जो कि होठों के नेचुरल रंग को काफी ज्यादा प्रभावित करता है.

होठों में रूखापन

अगर आप रोजाना लिपस्टिक का इस्तेमाल करती हैं, तो इससे आपके होठों में रूखापन आ जाता है. वहीं लिपस्टिक में मौजूद जो केमिकल्स होते है. उसकी वजह से होठों की जो नमी होती है, वो चली जाती है और आपके होंठ सूख जाते है और फट जाते हैं.

क्वालिटी का ध्यान रखें

आप जब भी लिपस्टिक लगाएं तो कोशिश करें कि आप हमेशा बेस्ट क्वालिटी की लिपस्टिक ही लगाएं. अगर आप अच्छी क्वालिटी की लिपस्टिक नहीं लगाएंगे तो इससे आपको एलर्जी भी हो सकती है.

लिपस्टिक को चाटना खतरनाक

काफी सारी लड़कियों की आदत होती है कि वो अपनी लिपस्टिक को चाट जाती हैं. जिसकी वजह से उनके शरीर में काफी सारे केमिकल्स चले जाते है. जो कि आपके शरीर को नुकसान पहुंचाता है.

काले होंठ

अगर आप रोजाना लिपस्टिक लगाती है और उसके बाद लगाना बंद कर देते है, तो इससे आपके होंठों पर काले धब्बे पड़ने लगते हैं. जो कि काफी ज्यादा खराब लगते हैं.

# बार-बार छींक आने पर करें ये घरेलू उपाय, मिनटों में मिलेगी राहत

बदलते मौसम में या फिर बरसात के मौसम में सर्दी- जुकाम होना एक आम समस्या है. कई बार धूल-मिट्टी से एलर्जी,कमजोर इम्यूनिटी इसका कारण हो सकता है. लेकिन कई बार कुछ लोगों को सर्दी-जुकाम होने पर बार-बार छींके आने लगती है. जिसकी वजह से उन्हें काफी दिक्कत होती है. ऐसे में होता है कि काश कोई ऐसा तरीका होता, जिससे मिनटों में इस जुकाम से राहत मिल जाए. आज हम आपको इस आर्टिकल में ऐसी ही कुछ घरेलु नुस्खों के बारे में बताएंगे, जो आपको तुरंत राहत दिला सकते हैं.



स्टीम लेने से मिलती है राहत

सर्दी-जुकाम होने पर अगर बार-बार छींक आने लगे, तो इससे राहत पाने के लिए रात को सोने से पहले स्टीम जरूर लें. बता दें कि सर्दी के कारण कई बार नाकों में सूजन आ जाती है ऐसे में गर्म पानी का स्टीम लेने पर जुकाम से राहत मिलता है. अगर साइनस में कफ इकट्ठा हो गया है तो इसमें भी काफी आराम मिलता है. स्टीम लेने से पहले गर्म पानी में लौंग, लहसुन की कलियां, नमक डालें. इनमें एंटी बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो आपको सर्दी-जुकाम से राहत दिलाते है. गर्म पानी का भाप लेने से नाक में जमी हुई बलगम बाहर निकल जाती है और आपको काफी आराम मिलता है.

नमक के पानी से गरारा करें

जुकाम होने पर अगर बार-बार छींके आ रही है, तो नमक के पानी से गरारा करें. इससे आपके गले की सूजन में आराम मिलता है. छींक से राहत पाने के लिए एक कप गर्म पानी में एक चम्मच नमक मिलाकर दिन में दो-तीन बार नमक के पानी का गरारा जरूर करें. इससे आपको जुकाम में काफी आराम मिलेगा.

शहद और अदरक

जुकाम से छुटकारा पाने के लिए एक अदरक के छोटे से टुकड़े पर शहद मिलाकर चाटने से भी राहत मिलता है. अगर आपको लगातार छींक आ रही हो तो हल्दी वाला दूध पीना चाहिए. इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट सर्दी-जुकाम से राहत दिलाते हैं. साथ ही इससे आपकी इम्यूनिटी स्ट्रांग होती है, जिससे वायरल बीमारियों की चपेट में आने से बचाव हो सकता है.

पुदीने की चाय का करें सेवन

जुकाम होने पर कुछ भी करने का मन नहीं करता. कई बार इससे लोगों में चिड़चिड़ापन भी होने लगता है. ऐसे में पुदीने की चाय का सेवन करें, इससे अगर आपका नाक ब्लॉक हो गया है तो ये खुल जाएगा और आपको तरोताजा महसूस होगा. इसके लिए एक कप पानी में 3-4 पुदीने की पत्तियां डालें और कुछ समय तक इन्हें उबलने दें. इसके बाद इसे छानकर पी लें.

जुकाम के दौरान अपने शरीर को हाइड्रेटेड रखना बेहद जरूरी है. इसके लिए अधिक से अधिक मात्रा में पानी, सूप या जूस का सेवन करें. ये बलगम को बाहर निकालने में मदद करता है. कमरे में ह्यूमिडिफायर का इस्तेमाल करने से हवा में नमी बनी रहती है, जिससे आपकी सांस लेने में आसानी होती है और छींकने की समस्या कम होती है.

## शब्द सामर्थ्य -360

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | | ■ | | ■ | 6 | | |
| ■ | 7 | | | | ■ | | ■ | |
| 8 | | ■ | ■ | | ■ | 9 | 10 | |
| | ■ | ■ | ■ | 11 | 12 | ■ | | ■ |
| 13 | | | 14 | ■ | 15 | | | ■ |
| | ■ | ■ | 16 | 17 | | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | ■ | ■ | | ■ | 21 | ■ | |
| 22 | | | | | ■ | 23 | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक359का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | ■ | मु | ■ | सं | स्था | न | ■ |
| ग | ■ | म | र्दा | न | गी | ■ | त | म |
| ली | प | ना | ■ | ■ | त | न | ■ | ■ |
| ■ | ना | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| मा | ह | ■ | रा | ■ | सा | ज | न | ■ |
| न | ■ | स | ह | दे | व | ■ | म | द |
| व | ■ | म | ■ | व | न | ज | ■ | ल |
| ता | क | त | व | र | ■ | मी | ■ | द |
| ■ | ल | ल | क | ■ | क | र | त | ल |




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना प्रभारी गोहलपुर श्रीमति प्रतीक्षा मार्को ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति जिसकी उम्र लगभग 28-30 वर्ष आसमानी रंग की फुल शर्ट एवं ब्लू रंग की जींस पहने अपने पास लोडेड पिस्टल रखे कोई वारदात करने की फिराक में अमखेरा रोड़ अमन नगर के आसपास घूम रहा है सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई, अमननगर गली नम्बर 2 में मुखबिर के बताये हुलिये का व्यक्ति घूमते दिखा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया, नाम पता पूछने पर अपना नाम राहुल उर्फमुन्नू साहू उम्र 30 वर्ष निवासी समता कालोनी गोहलपुर बताया,

# एमपी ट्रांसको के फ्रंट लाइन कार्मिक हैं कनिष्ठ अभियंता- एम डी इंजी सुनील तिवारी





## जबलपुर में आयोजित हुआ तकनीकी समागम

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर में आयोजित कनिष्ठ अभियंताओं के प्रदेश स्तरीय तकनीकी समागम को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसकों ) के प्रबंध संचालक इंजीनियर सुनील तिवारी ने कहा कि कनिष्ठ अभियंता उच्च अधिकारियों और फील्ड के कर्मियों के बीच की एक महत्वपूर्ण कड़ी है जो फ्रंटलाइन कार्मिक के रूप में कार्य करते हैं। तरंग ऑडिटोरियम में आयोजित हुए इस समागम में उन्होंने कहा कि कनिष्ठ अभियंता एमपी ट्रांसको की धुरी हैं और राष्ट्रीय स्तर पर कंपनी की हर उपलब्धि में इनका विशिष्ट योगदान रहता है। उन्होंने उपस्थित कनिष्ठ अभियंताओं का आह्वान करते हुए कहा कि सभी कंपनी की जीरो एक्सीडेंट पॉलिसी को ध्यान में रखकर सतर्कता ,सजगता, पूर्ण मनोयोग व आत्मविश्वास के साथ मेंटेनेंस कार्य करवाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में तेजी से बदल रही तकनीकों से सामंजस्य बना कर ही वे बेहतर इंजीनियर बनकर अपना उत्तरदायित्व निभा सकते हैं। उन्होंने कनिष्ठ अभियंताओं की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि जबलपुर में आयोजित हुई प्रशिक्षण कार्यशालाओं के कारण उनकी कार्य कुशलता, सोच ,समर्पण में अद्भुत सुधार आया है। टेक्निकल सेशन में साझा हुई विविध जानकारियां कनिष्ठ अभियंताओं के इस प्रदेश स्तरीय तकनीकी समागम के सूत्रधार और संयोजक मुख्य अभियंता श्री प्रवीण गार्गव ने बताया कि एमपी ट्रांसको में पहली बार आयोजित कनिष्ठ अभियंताओं के इस तकनीकी समागम में प्रदेश भर से कंपनी के लगभग 350 कनिष्ठ अभियंताओं ने हिस्सा लिया ।श्री गार्गव ने बताया कि इस समागम में ज्ञान को साझा करने, सहयोग को बढ़ावा देनें, पेशेवर विकास, नेटवर्किंग को सुविधाजनक बनानें, कंपनी की वर्तमान में चल रही परियोजनाओं के साथ भविष्य की योजनाओं आदि के संबंध में विचार विमर्श हुआ।

इस समागम के दौरान कंपनी में क्रियान्वयन के तहत नवीन एवं भविष्य में उपयोग की जाने वाली अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों का एक प्रेजेंटेशन भी दिया गया। इस दौरान कनिष्ठ अभियंताओं ने कंपनी के कार्य से संबंधित मुद्दों पर उच्च प्रबंधन से वार्तालाप भी किया।कनिष्ठ अभियंताओं के लिए एक तकनीकी प्रश्नोत्तरी प्रतिस्पर्धा भी आयोजित की गई

## इंस्टीट्यूशन आफ इंजीनियर्स लोकल सेंटर में आयोजित हुआ सेमिनार

# विश्व जल दिवस मानवता के लिए ग्लेशियर संरक्षण अत्यावश्यक




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स लोकल सेंटर जबलपुर के तत्वावधान में 22 मार्च विश्व जलदिवस पर ''ग्लेशियर संरक्षण'' थीम पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया ।

सेमिनार में जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रिसिंपल डॉ. राजीव चांडक ने मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कहा कि विश्व की वर्तमान परिस्थितियों में ग्लेशियर संरक्षण मानवता के लिए अत्यंत आवश्यक है । दुनिया भर में लोगों की भलाई के लिए ग्लेशियरों की रक्षा करना जरूरी है। ये जमे हुए जलाशय दुनिया के मीठे या ताजे पानी का लगभग 70 फीसदी हिस्सेदारी रखते हैं, जो लंबे समय तक पानी की सुरक्षा के लिए उनके संरक्षण को आवश्यक बनाते हैं। जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया जबलपुर के सीनियर जियोलॉजिस्ट श्री ए.एस. खान ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने व्याख्यान में कहा कि

स्थायी ग्लेशियर प्रबंधन, निरंतर निगरानी और अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक सहयोग इन महत्वपूर्ण जल स्रोतों को संरक्षित करने, भविष्य की समृद्धि सुनिश्चित करने और वैश्विक स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम हैं।

संयोजक डॉ. संजय के . वर्मा ,मान सेवी सचिव डाक्टर राजीव जैन ने भारत के संदर्भ में ग्लेशियर से जल संरक्षण पर अपने विचार रखे।

आयोजन समिति के अध्यक्ष इंजी. सुरेन्द्र सिंह पवार ने सेमीनार का संचालन किया।

इस अवसर पर सेंटर के चेयरमेन श्री संजय कुमार मेहता , आयोजक सचिव श्री राजेश ठाकुर , सहसंयोजक श्री मनीष वाजपेई , श्री सुनील कोठारी सहित जबलपुर के आसपास से आये इंस्टीट्यूशन के सदस्य, इंजीनियरिंग कॉलेजों के विद्यार्थियों एवं अन्य गणमान्यजनों की उपस्थिति रही ।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने विश्व वन दिवस और विश्व जल दिवस 2025 पर पर्यावरण संरक्षण और सतत प्रथाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की



बैंगलोर- दुनिया जब %विश्व वन दिवस और %विश्व जल दिवस मना रही है, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। यह वैश्विक टोयोटा एनवायमेंटल चैलेंज (पर्यावरण चुनौती) 2050 (टीईसी 2050) को मूर्त रूप देती है। इसमें शून्य पर्यावरणीय प्रभाव से आगे बढ़ना और शुद्ध सकारात्मक प्रभाव प्राप्त करना जैसी छह दूरदर्शी चुनौतियां शामिल हैं। इनमें पानी के उपयोग को न्यूनतम और इष्टतम करना तथा प्रकृति के साथ सद्भाव में भविष्य के समाज की स्थापना भी की जानी है।

टोयोटा एनवायमेंटल चैलेंज 2050 की स्थापना 2015 में हुई थी। तबसे टोयोटा एनवायमेंटल चैलेंज कंपनी की निरंतर जारी रहने वाली पहल का मार्गदर्शन करना जारी रखती है। इससे पृथ्वी के पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली में सकारात्मक योगदान संभव हो पाता है, इसके लिए कार्बन उत्सर्जन, संसाधनों की कमी, पानी की कमी और इसकी संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में जैव विविधता के नुकसान जैसी चुनौतियों का समाधान किया जा सकता है। टीकेएम की प्रतिबद्धता के केंद्र में %ग्रह के प्रति सम्मान% का गहन दर्शन निहित है, जो पारिस्थितिकी तंत्र और स्थानीय समुदायों को समृद्ध करते हुए पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के कंपनी के प्रयासों को प्रेरित करता है।

इस दिशा में, पानी को एक अमूल्य और साझा संसाधन के रूप में पहचानते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर अपने प्लांट में पानी के उपयोग को अनुकूलित और सर्वश्रेष्ठ करने के लिए एक समग्र %4आर% रणनीति का पालन करता है। ये हैं रिड्यूस - कम करें, री यूज - पुनः उपयोग करें, रीसाइकिल - रीसाइकिल करें और रीचार्ज करें। उत्पादन के लिए टीकेएम की पानी की कुल आवश्यकता का 89.3त्न हिस्सा रीसाइकिल किए गए पानी और वर्षा जल संचयन के माध्यम से पूरा किया जाता है।

# पनागर में अंतरराष्ट्रीय जल दिवस पर श्रमदान एवं जल संगोष्ठी कार्यक्रम संपन्न







जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। म.प्र.जन अभियान परिषद विकासखंड पनागर में अंतरराष्ट्रीय जल दिवस पर श्रमदान एवं जल संगोष्ठी कार्यकम का आयोजन नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति फूटाताल सेक्टर क्रमांक 2 कुशनेर के द्वारा ग्राम मोहारी बड़े तालाब में समितियों के सदस्यों व स्थानिये ग्राम जनो के माध्यम से तालाब की सफाई अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा सभी उपस्थित जनो को जल की एक एक बूंद को सहेजने के विषय मे बताते हुये सभी को जागरूक किया गया साथ ही सभी की उपस्थिति में ग्राम में जल संरक्षण के विषय मे संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन करते हुऐ उपस्थित सभी सदस्यों को जल शपथ दिलाई गई है कार्यक्रम में सरपंच राजकुमारी कोल,जिला प्रतिनिधि मोनू खरे,मंडल अध्यक्ष संतोष साहू, नवांकुर संस्था प्रभारी पारस दाहिया,परामर्शदाता पार्वती लोधी मनोज प्रजापति,मीरा सिंह ठाकुर,कांति लोधी,रंजीत रजक, सपना कुशवाहा, बंदना पटेल, राजेश कुशवाहा, आंगन बाड़ी कार्यकर्ता,सहायिका, के साथ समस्त ग्राम वासियों की उपस्थिती में कार्यक्रम संपन्न किया गया है

# पनागर में अंतरराष्ट्रीय जल दिवस पर परियट नदी में बोरीबंधान कार्यक्रम संपन्न





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। म.प्र.जन अभियान परिषद विकासखंड पनागर के द्वारा अंतरराष्ट्रीय जल दिवस पर विकासखंड स्तरीये चयनित परियट नदी में श्रीमति रजनी सुरेंद्र साहू पार्षद 79 वार्ड,ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सोनपुर के द्वारा ग्राम में 2500 बोरियो का बोरीबंधान कार्य जल को सहेजने के लिये श्रमदान का कार्य ग्राम में खेती की भूमि में उर्वरकता बढ़ाने,पशुओं के लिए स्वच्छ जल,ग्राम वासियो के निस्तार हेतु जल का संग्रह करते हुऐ अंतरराष्ट्रीय जल दिवस मनाया गया है साथ ही सभी को जल की एक एक बूंद को सहेजने के विषय मे बताते हुये सभी को जागरूक किया गया हैं कार्यक्रम में श्रीमति रजनी सुरेंद्र साहू पार्षद 79 वार्ड,भारत महरोलिया विकासखंड समन्वयक पनागर, पारस दाहिया नवांकुर संस्था पनागर, राजकुमार पटेल के साथ प्रस्फुटन समितियों के सदस्य ग्राम के अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न किया गया है



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। NFIR/WCRMS केआव्हान पर UPS/NPS एवं मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ मण्डल रेल प्रबंधक प्रांगण में आयोजित विशाल धरना प्रदर्शन एवं गेट मीटिंग में बड़ी संख्या में कर्मचारीगण उपस्थित हुए। कर्मचारियों का हौसला बढ़ाने ड्ब्ष्टक्रूस् के ओजस्वी महामंत्री श्री अशोक शर्मा जी भी धरनास्थल पर पहुँचे। मण्डल सचिव श्री डीपी अग्रवाल जी एवं मण्डल अध्यक्ष श्री एस एन शुक्ला जी ने कर्मचारियो की समस्याओं को लेकर प्रत्येक स्तर पर संघर्ष करते रहने की बात कही।श्री सतीश कुमार जी ने क्क/हक्क की खामियों को बताने का काम किया। श्री सन्तोष त्रिवेणी, श्री एस के सिंह, श्री बॉबी धौलपुरी, एस आर बाउरी,योगेंद्र यादव आदि ने विभिन्न प्रकार की समस्याओं से अवगत कराने का कार्य किया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री संतोष त्रिवेणी जी ने किया एवं आभार व्यक्त श्री हर्ष वर्मा जी ने किया।

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मंदीप शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में

# वीयू- मत्स्य पालकों को दिया मत्स्य पालन हेतु उपयुक्त जल व मृदा पर प्रशिक्षण




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर द्वारा भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित अनुसूचित जाति उपयोजना के तहत दिनांक 21 मार्च 2025 को प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन,वि वि निदेशक विस्तार शिक्षा डॉ. सुनील नायक के संचालन तथाअधिष्ठाता डॉ एस के महाजन संयोजन व नेतृत्व में किया गया है ।यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय द्वारा ग्राम सिलुआ जबलपुर में महाविद्यालय की विभिन्न विस्तार सेवाओं के अंतर्गत मत्स्य पालन हेतु मृदा एवं जल परीक्षण विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया, प्रक्षिषण के दौरान डॉ सोना दुबे ने मछली पालन हेतु मिट्टी एवं जल की गुणवत्ता ,ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण परीक्षण के तरीके,सावधानिया तथा प्रयोगिक तालाब के पानी का परिक्षण कर समझाया ,मत्स्य पालन हेतु उपर्युक्त पानी के मापदंडों में रासायनिक , जैविक, एवं भौतिकी स्तर पर बताए गए, ।साथ ही उपयुक्त मछली पालन हेतु जल की गुणवत्ता के प्रबंधन हेतु भी जानकारी साझा की। इसी विषय पर तैयार पम्पलेट का विमोचन भी किया और उसका वितरण उपस्थित 40 मत्स्य पालकों को किया गया ।कार्यक्रम म सरपंच महोदया श्रीमती सौहाद्राबाई बेन सरपंच महोदय , सहायक सचिव श्री धनंजय शर्मा एवं करण पंडा सहित ग्राम वासियों को कौशल एवं प्रशिक्षण माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त सशक्त एवं संबल बनाने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ सोना दुबे द्वारा किया गया इस दौरान प्रियंका गौतम, अनिल केवट , सोनल चौरसिया एवं शैलेन्द्र दहिया सराहनीय योगदान रहा ,

# स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतिम दौर के कार्यो की निगमायुक्त प्रीति यादव ने की समीक्षा

## निगमायुक्त ने सर्वेक्षण कार्यों में लगे स्वास्थ्य अमले को आवश्यक दिशा निर्देश दिये



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के अंतिम दौर की जमीनी परीक्षण की तैयारियों की भँवरताल स्थित संस्कृति थियेटर में स्वास्थ्य अमले की समीक्षा बैठक ली। समीक्षा बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के कार्यो को जमीनी स्तर पर सभी मापदण्डों के अनुरूप कार्य करने निगमायुक्त ने निर्देश दिये। इसके अलावा नागरिकों से भी संवाद कर उन्हें स्वच्छता के संदेशों से अवगत करायें और साकारात्मक फीडबैक देने अपील करें। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के सभी मापदंडों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया की विगत वर्ष जबलपुर नगर निगम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में 13वाँ स्थान एवं जी.एफ.सी. स्टार रेटिंग में 3 स्टार प्राप्त किया था, इस बार हमारा शहर स्वच्छ सर्वेक्षण एवं जी.एफ.सी. स्टार रेटिंग में और भी अच्छा प्रदर्शन करे इसके लिए स्वच्छ सर्वेक्षण 2024, जी.एफ.सी. स्टार रेटिंग दोनों की टूलकिट के अनुसार सभी को विस्तार से समझाया। जिसके तहत शहर के सिटी प्रोफाइल में दर्ज सभी स्थानों, वार्ड वार ब्यूटीफीकेशन पॉइंट के तहत होने वाले में आवश्यक तैयारियों से सबंधित सभी बिन्दुओ, संभाग के सभी व्यापारिक, रहवासी क्षेत्र एवं स्लम क्षेत्रों में आवश्यक तैयारियों से सबंधित सभी बिन्दुओं, तालाबों, नाला-नालियों, एजुकेशनल इंस्टिट्यूट, बल्क वेस्ट जनरेटर (बड़े होटल्स एवं रेस्टोरेंट) में आवश्यक तैयारियों से सबंधित सभी बिन्दुओं पर क्रमवार चर्चा कर पिछले साल के तरह ही इस साल भी अभी से जमीनी स्तर की तैयारियों पर कार्य करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया की स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियां साल भर से सभी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी कर रहे हैं। अब समय है उन तैयारियों को अंतिम रूप देने का एवं तैयारियों की समीक्षा का, जिसमे सभी सबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को टीम के आने के पहले तैयारियों का पुनः एक बार और स्वयं जायजा लेकर उसे और अच्छे रूप में करने के निदेश दिए गए। बैठक में उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल, सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा, स्मार्ट सिटी से बालेंद्र शुक्ला, स्टेट पी आई यू आशना राठौर, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी, पोला राव, अर्जुन यादव, धर्मेंद्र राज, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक प्रीतेश मसोड़कर, विष्णुकांत दुबे, मोनिका तुमराम, राधा पवार, वैभव तिवारी, सौरभ तिवारी, रवींद्र ठाकुर, हिटलर अर्खेल, संतोष माहौर, अनिल मिश्रा, संतोष गौर,आनंद राव, संदीप पटेल, अतुल रैकवार, के आर सोलंकी, आलोक जोशी, हरिशंकर शुक्ला, सभी स्वास्थ्य निरीक्षक, आदित्य कंसल्टेंसी के सभी एक्सपर्ट, संबंधित सभी ठेकेदार उपस्थित रहे।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। विजयनगर में मेडीकल कॉलेज में भर्ती आहूत अरविन्द राजपूत की मृत्यु की सूचना प्राप्त होने पर बिल्लू कोरी से पूछताछ कर कथन लेख किये जिसमे बिल्लू कोरी ने बताया कि वह अरविन्द राजपूत के साथ मनोज लोधी के द्वारा बुलाने पर मनोज लोधी का मकान शिवानी प्लाईवुड एसबीआई चौक के पास विजयनगर स्थित मकान पर काम करने गया था काम करने के दौरान करीब 11/30 बजे अरविन्द राजपुत को मकान के बिल्कुल पास से निकल रही हाई टेंशन लाईन से अरविन्द को करेन्ट लग गया

# खेत में गिरा बिजली का तार, चपेट में आने से दो मासूम बच्चों की मौत

## कुल तीन बच्चे हुए शिकारए दो की मौत-11 केवी लाइन के तार में चपेट में आए-एक बच्चे का अस्पताल में इलाज जारी

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** पाटन के सुरैया गांव में शनिवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गयाण् वहां 11 केवी का तार टूटकर गिराए जिसकी चपेट में आने से दो बच्चों की मौत हो गईण् वहीं एक अन्य झुलझ गयाए जिसका उपचार जारी है घटना के बाद ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया और शवों को लेकर थाने पहुंच गएण् ग्रामीणों द्वारा कुछ देर के लिए पाटन.शहपुरा मार्ग बंद करने की बात भी सामने आ रही हैण् आक्रोश बढ़ता देख पुलिस और बिजली विभाग के अमले ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाइश देने में जुटा रहाण् इसके बाद पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू की सुरैया हार में रहने वाले सगे भाई.बहन चांदनी ;12 वर्षद्धए प्रशांत ;10द्ध और दिलीप रोजाना की तरह सुबह गेहूं के खेत में काम कर रहे थे् जहां उन्होंने देखा कि कुछ मवेशी खेत में घुस रहे हैंए जिन्हें भगाने के लिए तीनों खेत में घुसेए जहां पहले से टूटे पड़े 11 केवी की लाइन के तार में चपेट में आ गए और उन्हें जोरदार करंट लग गया

घटना के बाद ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया और शवों को लेकर थाने पहुंच गए। ग्रामीणों द्वारा कुछ देर के लिए पाटन.शहपुरा मार्ग बंद करने की बात भी सामने आ रही है।

सुरैया हार में रहने वाले सगे भाई.बहन चांदनी ;12 वर्षद्ध ए प्रशांत ;10द्ध और दिलीप रोजाना की तरह सुबह गेहूं के खेत में काम कर रहे थे। जहां उन्होंने देखा कि कुछ मवेशी खेत में घुस रहे हैंए जिन्हें भगाने के लिए तीनों खेत में घुसेए जहां पहले से टूटे पड़े 11 केवी की लाइन के तार में चपेट में आ गए और उन्हें जोरदार करंट लग गया।

## एक देशी पिस्टल, 02 कारतूस जप्त

### फायर आर्म्स सहित शातिर बदमाश गिरफ्तार

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना प्रभारी गोहलपुर श्रीमति प्रतीक्षा मार्को ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति जिसकी उम्र लगभग 28-30 वर्ष आसमानी रंग की फुल शर्ट एवं ब्लू रंग की जींस पहने अपने पास लोडेड पिस्टल रखे कोई वारदात करने की फिराक में अमखेरा रोड़ अमन नगर के आसपास घूम रहा है सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई, अमननगर गली नम्बर 2 में मुखबिर के बताये हुलिये का व्यक्ति घूमते दिखा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया, नाम पता पूछने पर अपना नाम राहुल उर्फमुन्नू साहू उम्र 30 वर्ष निवासी समता कालोनी गोहलपुर बताया, तलाशी लेने पर कमर में पीछे तरफ एक देशी पिस्टल रखे मिला पिस्टल को चैक करने पर मैगजीन में 2 कारतूस लोड पाये गये। आरोपी राहुल उर्फमुन्नू साहू के कब्जे से 1 देशी पिस्टल एवं 2 कारतूस जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 2 आरोपी गिरफ्तार

### 306 पाव देशी शराब एवं 60 लीटर कच्ची शराब जप्त

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना प्रभारी तिलवारा श्री बृजेश मिश्रा ने बताया कि रात्रि मुखबिर से सूचना मिली कि क्रेशर बस्ती में अज्जू पान टपरा के पीछे आरिफनंगा अवैध रूप से कच्ची शराब बेचने के लिये रखा है, सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई क्रेशरबस्ती अज्जू पान के टपरा के पास संदेही आरिफनंगा पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिसने पूछताछ पर अपना पूरा नाम आरिफखान उर्फनंगा उम्र 23 वर्ष निवासी क्रेसर बस्ती, तिलवारा बताया जिसके कब्जे में रखे 4 नग प्लास्टिक के डिब्बे में कुल 60 लीटर कच्ची शराब कीमती लगभग 6 हजार रूपये की रखी मिली जिसे जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।


### नवजात शिशु बालिका को खण्डर मकान में असुरक्षित छोडने वाले अज्ञात के विरूद्ध प्रकरण दर्ज

**जबलपुर-** थाना घमापुर में सिद्धबाबा रोड़ हनुमान मंदिर के पास खण्डर मकान एक बच्ची के मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस को साहिल गुप्ता उम्र 25 वर्ष निवासी चुंगी चौकी लालमाटी द्वारका नगर ने बताया कि वह किराना दुकान चलाता है आज सुबह लगभग 11-30 बजे अपनी दुकान में था

# जबलपुर में 30 करोड़ का धान घोटाला-74 लोगों पर एफआईआर, सरकारी कर्मचारी भी शामिल

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में धान खरीदी, परिवहन और मिलिंग में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है, इस मामले में जिला प्रशासन ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए 12 थानों में 74 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है, यह कार्रवाई कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देश पर की गई.

जांच में पता चला कि धान का परिवहन दिखाने के लिए ट्रकों की जगह कार, बस और अन्य छोटे वाहनों के नंबर इस्तेमाल किए गए, यहां तक कि तमिलनाडु और महाराष्ट्र में चल रही गाडियों को भी दस्तावेजों में परिवहन करते हुए दिखाया गया, जांच समिति ने एनएचएआई के टोल नाकों से ट्रकों की मूवमेंट डिटेल निकाली, जिससे खुलासा हुआ कि जिन ट्रकों को धान परिवहन में दिखाया गया, वे असल में वहां से गुजरे ही नहीं. फर्जी दस्तावेजों के जरिए 17 राइस मिलर्स ने 14,000 टन धान का उठाव दिखाया, जबकि भौतिक रूप से यह धान मौजूद नहीं था.



इन-इन पर हुई कार्रवाई

इस घोटाले में शामिल सरकारी कर्मचारियों, मिलर्स और दलालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है- 17 राइस मिलर्स जिन्होंने धान उठाने की फर्जी एंट्री करवाई, मध्य प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन के 13 अधिकारी जो इस घोटाले में शामिल थे, 25 सोसायटियों के 44 कर्मचारी, जिनमें उपार्जन केंद्र प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर और वेयरहाउस संचालक शामिल हैं. स्थानीय दलालों ने मिलर्स और सरकारी अधिकारियों के बीच सौदे करवाए और प्रति बोरी धान पर 1,000 रुपये का कमीशन लिया.

ऐसे किया गया फर्जीवाड़ा

उपार्जन केंद्रों पर ऑनलाइन पोर्टल में धान खरीदी दिखा दी गई, लेकिन भौतिक रूप से धान था ही नहीं, ट्रकों के बजाय कार, बस और ट्रैक्टर के नंबर दर्ज कर परिवहन दिखाया गया,नागरिक आपूर्ति निगम को फर्जी ट्रकों की जानकारी भेजी गई, जिनमें असल में धान लोड नहीं था, दूसरे जिलों के मिलर्स को जबलपुर बुलाकर दलालों ने सेटिंग करवाई और सरकारी बाबुओं को मोटा कमीशन मिला.

छापेमारी के बाद फरार आरोपी

जैसे ही प्रशासन ने कार्रवाई शुरू की, कई आरोपी फरार हो गए. मिलर्स, सोसायटी प्रबंधक और कंप्यूटर ऑपरेटरों ने अपने मोबाइल फोन बंद कर लिए. पुलिस उनकी तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है.

प्रशासन अब इस घोटाले के हर पहलू की गहन जांच कर रहा है, कई और अधिकारियों और कर्मचारियों की संलिप्तता की गोपनीय जांच चल रही है, इस कार्रवाई से साफ हो गया है कि जबलपुर में भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा रहे हैं. कलेक्टर दीपक सक्सेना और एसडीएम शिवाली सिंह ने स्पष्ट किया है कि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा. इस घोटाले से प्रदेश में सरकारी खरीद प्रणाली की पारदर्शिता पर सवाल उठे हैं, लेकिन प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से उम्मीद है कि, आगे ऐसे घोटाले रोके जा सकेंगे.

# बिजली कर्मियों से मारपीट करने वालों की हो गिरफ्तारी, नहीं तो करेंगे काम बंद

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** विजयनगर बिजली संभाग के माढ़ोताल क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ओरिया में विद्युत राजस्व वसूली करने पहुंचे अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ मारपीट करने के मामले में बिजली कर्मचारी संगठन आगे आया और मारपीट करने वालों की गिरफ्तारी 24 घंटे के अंदर करने की मांग की है।संगठनों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द गिरफ्तारी नहीं होती है तो बिजली कर्मी काम बंद हड़ताल करने मजबूरहोंगे। मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पत्रोपाधि संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंजीनियर अशोक जैन ने बताया कि विगत दिवस ओरिया ग्राम के विद्युत उपभोक्ता दिलीप रजक की बकाया राशि 8143 की वसूली के लिए विजयनगर कार्यालय की टीम उनके परिसर में गई थी। जहां आटा चक्की एवं घर में बिजली की चोरी हो रही थी। कार्रवाई की बात करने पर अभिषेक चौकसे सहायक अभियंता एवं अन्य नितेश साहू, श्रीमती मानवी पांडे, श्रीमती उषा पांडे सतीश बर्मन, अरविंद ठाकुर, अमन प्रधान, मनीष आदि के साथ गेट बंद करके सभी विद्युत कर्मचारी एवं महिला कर्मचारी के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। अधिकारी व कर्मचारी वहां से बड़ी मुश्किल से निकल पाए और माढ़ोताल थाना पहुंचकर मामला दर्ज कराया। एफआईआर दर्ज होने के बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है। यूनाइटेड फोरम फॉर पॉवर एम्प्लॉइज संगठन पूर्व क्षेत्र कंपनी संयोजक एसके पचौरी ने भी कार्रवाई की मांग की है।

# गजब का फर्जीवाड़ा- एक ट्रक एक ही दिन में उज्जैन से चक्कर लगाता रहा, जबलपुर 4-4 बार आ गया और आंख मिच कर बिल भी पास होते रहे

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** गतदिवस उजागर हुए धान परिवहन घोटाले की परतें अब खुलनी शुरू हो चुकी हैं। राइस मिलर्स ने अधिकारियों के साथ मिलकर कई चौंकाने वाले फर्जीवाड़े किए। एक-एक ट्रक को जबलपुर से उज्जैन या जबलपुर से विदिशा तक के एक ही दिन में 4-4 फेरे दिखाए गए जो कि संभव ही नहीं है। जिन वाहनों में धान की ढुलाई दिखाई गई उनमें से कुछ वाहन उस समय या तो सीमेंट ढो रहे थे या उनमें लोहा लदा था। अच्छी बात तो यह है कि मिलर्स द्वारा गारंटी के तौर पर एफडी और चैक के माध्यम से जो बैंक गारंटी जमा कराई गई है, अब उनसे राशि की वसूली होगी। मिलर्स को ब्लैकलिस्ट भी किया जाएगा। अंतर जिला मिलिंग के मामले में 30 करोड़ 14 लाख के फर्जीवाड़े में अब तक करीब एक दर्जन लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पनागर थाना, मझगवां, थाना बेलखेड़ा, भेड़ाघाट, मझौली, पाटन और कुंडम थाने की पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने बताया कि शासन को ठगने के लिए मिलर्स ने कई पेंतरे आजमाए लेकिन उन्हें सफल नहीं होने दिया गया। अंधेरगर्दी ऐसी भी- 38 के लिए 98 किमी का चक्कर- ~ जबलपुर से मनेरी पहुंचने के लिए कुंडम निवास रुट का उपयोग किया गया। हवाला यह दिया गया कि रास्ता खराब है। बचाव में कहा गया कि कुंडम रोड पर टोल नहीं है जिस वजह से रिकार्ड भी नहीं दिया जा सकता। ~ इस पर अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग मार्ग उपसंभाग से जानकारी ली गई तो पता चला कि जबलपुर-बरेला-मनेरी 38 किमी का मार्ग वर्तमान में अच्छी हालत में है। जबकि जबलपुर-कुंडम-निवास-मनेरी मार्ग करीब 98 किमी है साथ में निर्माणाधीन होने के कारण अनुकूल नहीं है। आखिरकार मिलर्स का झूठ पकड़ा गया। क्षमता 20 की परिवहन 50 टन का कैसे- ~ कुछ मिलर्स ने तो और भी चौंकाने वाले आंकड़ों से खेल किया। उनके द्वारा जिन वाहनों की जानकारी उपलब्ध कराई गई कि उन्होंने उनसे धान का परिवहनं किया, उनमें बड़ा अंतर पाया गया। ~ मिलर्स की ओर से जिस ट्रक का नम्बर दिया उसकी क्षमता 20 टन की है और उसी में 50 टन धान के परिवहन का दावां किया। इससे उनका फर्जीवाड़ा पकड़ा गया क्योंकि दोगुने से भी अधिक माल का परिवहन नहीं हो सकता। कुल 18 मिलर्स से अनुबंध मप्र स्टेट सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन और 18 मिलर्स के बीच धान परिवहन का अनुबंधां कया गया था। इनमें मंडला, मनेरी, उज्जैन, विदिशा, ग्वालियर और रायगढ़ के मिलर्स शामिल थे। इनमें से कुछ मिलर्स ऐसे हैं जो पहले भी यहां से धान का परिवहन कर चुके हैं जबकि कुछ नए हैं। सबसे ज्यादा धान मंडला-मनेरी गई 09~ - धान के परिवहन के लिए सबसे अधिक 9 एजेंसिया मंडला और मनेरी की थी। इन्हें 1 लाख 69 हजार 303 क्विंटल के डिलिवरी ऑर्डर जारीं कए गए लेकिन उठाव 90 हजार 475 क्विंटल का उठावं कया। 05~ दूसरे नंबर पर उज्जैन के 5 मिलर्स रहे। इन्हें 37 हजार 671 क्विंटल धान के डिलीवरी ऑर्डर जारी हुए और उठाव 33 हजार 537 क्विंटल का हुआ। 01~ इसके अलावा तीन एंजेंसियों को एक-एक डिलिवरी ऑर्डर दिए गए थे। इनमें आराजगढ़, ग्वालियर के अलावा विदिशा के मिलर शामिल रहे।

## श्रीमती दिव्या चौबे को पी एच डी



जबलपुर। रानी दुर्गावती विश्वविद्यायल द्वारा कला संगीत संकाय के अंतर्गत स्वतंत्रता के बाद कथक नृत्य शैली का हिंदी सिनेमा में प्रयोग और उसका विश्लेषणात्मक एवं तुलनात्मक अध्ययन% विषय पर कथक नृत्य के क्षेत्र में श्रीमती दिव्या चौबे को पीएचडी प्रदान की गई।आपने अपना शोध कार्य डॉ. प्रो.राजीव जैन के मार्गदर्शन में पूर्ण किया।आप श्रीमती दुर्गा चौबे, श्री आर. एस.चौबे की सुपुत्री एवं श्री चितवेश दत्ता की पत्नी हैं।श्रीमती दिव्या चौबे एक सफल कथक नृत्यांगना हैं।आप कथक के क्षेत्र में कई वर्षों से अपना योगदान दे रही हैं।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/711/ दिनांक 21.03.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री सुन्दर दास लालवानी, पिता- स्व. श्री तन्नुमल लालवानी,** ने मकान नं. 1555 से 56 /1 पिन नं.......... **वार्ड पं. द्वारका प्रसाद मिश्र वार्ड ,** भूतल आर.सी.सी. 261 व.फु., प्रथमतल आर.सी.सी. 321 व.फु., द्वितीयतल आर.सी.सी. 136 व.फु., सीमेन्ट सीट 195 व.फु. , **शपथपत्र, हकत्याग पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 1555 से 56/1 नारायण चौक पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-09 लालमाटी**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/710/ दिनांक 21.03.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री मुकेश लालवानी, पिता- स्व. श्री तन्नुमल लालवानी,** ने मकान नं. 1555 से 56 पिन नं.......... **वार्ड पं. द्वारका प्रसाद मिश्र वार्ड ,** भूतल आर.सी.सी. 261 व.फु., प्रथमतल आर.सी.सी. 321 व.फु., द्वितीयतल आर.सी.सी. 136 व.फु. , **बटवारानामा, तहसीलदार आदेश, खसरा** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 1555 से 56 नारायण चौक पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-09 लालमाटी**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/709/ दिनांक 21.03.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री लखन पटेल, पिता- महादेव पटेल,** ने मकान नं. 5200/116 पिन नं.1004360092 **वार्ड सेठ गोविन्द दास वार्ड ,** भूतल सीमेन्ट टीन 420 व.फु., , **वचनपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 5200/116 पानी की टंकी के पास पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-09 लालमाटी**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./02/कछपुरा 2024 एम./54 दिनांक 20.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री संजय पटैल, पिता- देवी सिंह लोधी** ने मकान नं. 2221 पिन. नं. 1000480387 का भाग, **वार्ड रानी दुर्गावती वार्ड,** क्षेत्रफल 330 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-2 कछपुरा**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./02/कछपुरा 2024 एम./59 दिनांक 21.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री मुन्ना लाल आहिरवार, पिता- स्व. श्री तुलाराम आहिरवार** ने मकान नं. 2587 का भाग पिन. नं. 1000480387 का भाग, **वार्ड रानी दुर्गावती वार्ड,** क्षेत्रफल 150 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, चुकतानामा,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-2 कछपुरा**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./02/कछपुरा 2024 एम./55 दिनांक 20.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री कमल लोधी, पिता- देवी सिंह लोधी** ने मकान नं. 2221 पिन. नं. 1000479917 का भाग, **वार्ड रानी दुर्गावती वार्ड,** क्षेत्रफल 330 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-2 कछपुरा**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08,भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/08/भान./2024-25/.... दिनांक- 18.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती मृदुला सेतिया, पति- स्व. श्री सूर्यकांत सेतिया,** ने भवन/ क्रमांक 1511 **वार्ड शीतला माई वार्ड,** क्षेत्रफल 1199 व.फु., भूतल 1000 व.फु., प्रथमतल 800 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 1511 पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-08 भानतलैया**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08,भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/08/भान./2024-25/.... दिनांक- 18.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री शंकर चौधरी, पिता- स्व. श्री रामसेवक चौधरी** ने भवन/ क्रमांक 517 **वार्ड राधाकृष्ण वार्ड,** क्षेत्रफल 300 व.फु. खपरैल, **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 517 पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-08 भानतलैया**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/264 दिनांक 21.03.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री वसीम खान, एवं श्री आसिफ खान, पिता- मोहम्मद नसीम खान** ने मकान नं. 632/ए **वार्ड पं. मोती लाल नहेरू वार्ड,** क्षेत्रफल 2400 व.फु., भूतल 1800 व.फु., प्रथमतल 1800 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-14 दमोहनाका**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/263 दिनांक 21.03.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती बबीता पटेल, पति- श्री वीरेन्द्र पटेल** ने मकान नं. खसरा नं. 220/2, 221 का भाग **वार्ड जयप्रकाश नारायण वार्ड,** क्षेत्रफल 700 व.फु., भूतल 600 व.फु., प्रथमतल 600 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-14 दमोहनाका**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/262 दिनांक 21.03.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री राकेश आनंद एवं श्री प्रकाश आनंद, पिता- श्री राजेश आनंद** ने मकान नं. 1390 ध 1 **वार्ड चेरीताल वार्ड,** क्षेत्रफल 4569 व.फु., भूतल 2100 व.फु., प्रथमतल 210 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-14 दमोहनाका**
**नगर निगम जबलपुर**

स्वात्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णाकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999